


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 286 | ग्वालियर, रविवार 6 अगस्त 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### महबूबा मुफ्ती को घर में ही किया गया नजरबंद



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती को शनिवार (5 अगस्त) को पुलिस ने नजरबंद कर लिया. इसकी जानकारी उन्होंने खुद ट्वीट करके दी. आज ही के दिन चार साल पहले जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाते हुए उसको केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया था. जम्मू कश्मीर पुलिस के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक यह कदम उस इनपुट के बाद उठाया गया है जिसमें पीडीपी नेता धारा 370 की बरसी पर पूरे जम्मू कश्मीर में विरोध-प्रदर्शन करने की योजना बना रहे थे. वहीं, मुफ्ती को नजरबंद किए जाने की जानकारी खुद उन्होंने ट्वीट करके दी. महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट करके कहा कि मुझे और अन्य वरिष्ठ पीडीपी नेताओं को घर में ही नजरबंद किया गया है. उन्होंने कहा कि आधी रात को अचानक पुलिस ने पीडीपी पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर थाने में बिठा रखा है. उन्होंने कहा पुलिस की यह हरकत सुप्रीम कोर्ट में सरकार के उस दावे को खारिज करती है जिसमें उन्होंने कश्मीर में शांति स्थापित होने की बात कही थी. पूर्व सीएम ने सुप्रीम कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि एक तरफ जहां सरकार पूरे कश्मीर में धारा 370 हटाने की घटना का उत्सव मना रही है तो वहीं उन्होंने कश्मीर के लोगों की भावनाओं को कुचल दिया है. मुझे भरोसा है कि सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के दौरान इस बात का भी संज्ञान लेगा. गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट इन दिनों धारा 370 के मुद्दे पर सुनवाई कर रहा है.

कांग्रेस एमएलए के अजब-गजब कारनामे!

### सुप्रीमकोर्ट के फैसले पर इतनी खुशी कि राहुल को ही बता दिया स्वर्गीय



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा अंतरिम रोक लगाए जाने के बाद झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों में खुशी माहौल था. राहुल गांधी के हक में फैसला आने पर खुशी इतनी ज्यादा हो गई कि जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी की एक बार फिर जुबान फिशल गई. दरअसल, विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत करते समय राहुल गांधी को स्वर्गीय बता डाला. इसके बाद इरफान अंसारी यह वीडियो सोशल मीडिया तेजी से वायरल हो गया. दरअसल, वीडियो में देखा जा सकता है कि इरफान अंसारी ने जैसे ही राहुल गांधी को स्वर्गीय बोला तुरंत उनके अगल-बगल खड़े लोग उनको रोकते दिखे. बता दें कि, राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा मिली राहत पर इरफान मीडिया से बात कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय राजीव गांधी का डिजिटल इंडिया में दिया हुआ योगदान बता रहे थे, लेकिन, गलती से उन्होंने कह दिया कि डिजिटल इंडिया स्वर्गीय राहुल गांधी की देन थी. हालांकि, मौके पर उपस्थित कांग्रेस के ही विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा उनकी गलती को ठीक किए जाने के बाद उन्होंने सुधार किया, लेकिन उनका यह बयान इंटरनेट पर वायरल हो गया. इससे पहले इरफान अंसारी ने बुधवार को झारखंड विधानसभा की कार्रवाई के दौरान कहा था कि बाबूलाल जी इतना तेज कैसे हो गए हैं। हमको समझ में नहीं आता है. आप एक आदिवासी नेता हैं. आदिवासी इतना तेज कैसे हो सकता है. विधायक इरफान अंसारी के इस बयान के बाद झारखंड बीजेपी नेता कांग्रेस और जामताड़ा विधायक पर हमलावर हो गए उन्होंने कांग्रेस विधायक को आदिवासी विरोधी और उनके इस बयान को आदिवासियों का अपमान बताया.

### लप्पू सा सचिन, झिंगूर सा लड़का..सीमा-सचिन की लव स्टोरी पर म्यूजिक प्रोड्यूसर ने बना डाला गाना



**नई दिल्ली।** पबजी खेलते-खेलते प्यार में पड़े भारत के सचिन और पाकिस्तान की चार बच्चों की मां सीमा हैदर की लव स्टोरी के चर्चे दोनों ही देशों में खूब हैं. हालांकि जब से सचिन की पड़ोसन ने दोनों की लव स्टोरी के बारे में मीडिया के सामने अपनी राय रखी है वो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है. रसोड़े में कौन था। टाइटल तो सुना ही होगा, जी हां इसी के प्रोड्यूसर यशराज मुखाते ने अब सचिन की पड़ोसन की हाजिर जवाबी पर एक गाना बना दिया है. जिसे सुन आप भी हंस-हंसकर लोटपोट हो जाएंगे. सचिन की पड़ोसन की जिस हाजिर जवाबी पर पूरा देश हंस-हंसकर लोटपोट हो रहा था अब उसी पर म्यूजिक प्रोड्यूसर यशराज मुखाते ने एक नया ट्रेक तैयार किया है. लप्पू सा सचिन, झिंगूर सा लड़का के इस वीडियो को अब बकायदा म्यूजिक के साथ तैयार किया गया है. जब यशराज मुखाते ने इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया तो उसके एक घंटे के अंदर ही से खासा वायरल हो गया. बता दें सचिन के पड़ोस में रहने वाली इस महिला का हाल ही में फिर एक वीडियो सामने आया. जिसमें वो मीडिया से बात करते हुए फिर अपनी राय रखती नजर आ रही है. जिसपर भी सभी का हंस-हंसकर बुरा हाल है. इस वीडियो में महिला कहती है, 'प्यार के लिए कोई कारण होना चाहिए. नॉर्मल सी बात है, आदमी तो होना चाहिए. वो कीड़ा सा लड़का है। झींगुर सा.. सूखा, कभी तेज हवा चल गई ना, तो पता नहीं कितनी दूर जाके पड़ेगा. ढूंढे से भी नहीं मिलेगा वो.'

## अबकी बार दिल्ली में इंडिया सरकार

# ममता बनर्जी की तस्वीर के साथ कोलकाता में लगे नए पोस्टर

**कोलकाता।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की घोषणा के ऐलान के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में इसका असर दिखने लगा है. राजधानी कोलकाता में गठबंधन को लेकर नए पोस्टर लगे हैं. जगह-जगह पर लगे इन पोस्टर में दिल्ली की ओर इशारा करते हुए ममता बनर्जी की तस्वीर के साथ लिखा गया है- अब बार दिल्ली में सरकार. खास बात ये है कि बंगाल में लगे इन पोस्टर पर हिंदी में लिखा गया है. 2024 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए का विजय रथ रोकने के लिए 26 विपक्षी दल एक साथ आए हैं. बेंगलुरु में 18 जुलाई को इन दलों की एक बैठक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हुई थी, जहां सभी ने इंडियन नेशनल डेवलवमेंटल इनक्लूसिव एलायंस- इंडिया नाम से एनडीए विरोधी मोर्चा बनाने की घोषणा की थी. कोलकाता में ये पोस्टर ऐसे समय में लगाए गए हैं, जब इसी महीने के आखिर में इंडिया




गठबंधन की तीसरी बैठक होने वाली है. इंडिया गठबंधन की ये बैठक आगामी 31 अगस्त और समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि ये बैठक भी बेंगलुरु की तरह ही होगी. इसमें पहले दिन 31 अगस्त को रात्रिभोज का कार्यक्रम रखा गया है. 1 सितम्बर को दिन में मुख्य बैठक होगी. उसी दिन बैठक के बाद विपक्षी गठबंधन के नेता संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे. विपक्षी दलों की पहली बैठक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बुलावे पर बीती 23 जून को पटना में हुई थी. इस बैठक में पीएम मोदी को अगले चुनाव में सत्ता से हटाने के लिए एकजुट होकर चुनाव लड़ने की रणनीति पर सहमति बनी थी. विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक की मेजबानी शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) मिलकर करेंगी. दोनों ही पार्टियां महाराष्ट्र में कांग्रेस के साथ महाराष्ट्र विकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा हैं.

## कांग्रेस के प्रति दिवानगी ऐसी की कार्यकर्ता ने सीने पर गुदवाया पार्टी का निशान

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनावों का समय जैसे-जैसे नजदीकी आता जा रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टी कार्यकर्ताओं के जोश में भी इजाफा हो रहा है. एक ऐसा ही नजारा भोपाल के नजदीकी जिले सीहोर की इछावर विधानसभा में देखने को मिला है, जहां एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने अपने सीने पर कांग्रेस का निशान हाथ का पंजा ही गुदवा लिया है. कांग्रेस कार्यकर्ता की यह दिवानगी अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है. इछावर विधानसभा बीजेपी का गढ़ है. पूर्व राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा यहां से सात बार से विधायक हैं. हालांकि 2013 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था और कांग्रेस से युवा नेता शैलेन्द्र पटेल विधायक चुने गए थे, लेकिन शैलेन्द्र पटेल अपनी विधायकी अगली बार बरकरार नहीं रख सके और करण सिंह वर्मा ने उन्हें 2018 के चुनाव में हरा दिया था. वर्तमान में यहां से करण सिंह वर्मा ही विधायक हैं. अब चुनावों का समय फिर नजदीक आ रहा है. ऐसे में चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले नेता जहां सक्रिय हो गए हैं, तो वहीं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता भी पूरे जोश में आ गए हैं.



ऐसे कांग्रेस के एक जोशीले कार्यकर्ता का अंदाज इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा दिखाया गया यह जोशीला अंदाज इछावर के पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल को भी खूब भाया है. पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने कांग्रेस कार्यकर्ता के सीने पर गुदे कांग्रेस के पंजे के निशान के साथ एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है. साथ ही उन्होंने लिखा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचार है. एक क्रांति है. एक जीवन पद्धति है. इसी विचार के द्वारा आई क्रांति से हमारा भारत अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुआ. कांग्रेस के ही अनेकता में एकता और प्रेम, शांति और विश्व बंधुत्व के भाव को जीवन पद्धति बनाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी समेत कई महान लोगों ने देश के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया.

## देवभूमि हिमाचल में शर्मसार हुई मानवता

*__नई दिल्ली।__ जब किसी नाबालिग की जेब और पेट दोनों ही खाली हो, तो आखिर उसे क्या करना चाहिए। मजबूरन जब नाबालिग ने अपना पेट भरने के लिए दुकान से खाने का कुछ सामान चुरा लिया, तो दुकानदार ने उसे बीच बाजार में नंगा कर आंख में मिर्च डाल दी. यही नहीं नाबालिग के साथ मारपीट भी की गई. मानवता को शर्मसार कर देने वाला यह मामला देवभूमि कहे जाने वाले हिमाचल प्रदेश से सामने आया है. जिला शिमला के तहसील मुख्यालय टक्कर में एक नाबालिग के साथ या घटना हुई. यहां एक नाबालिग लड़का भूखा था, तो उसने दुकान से खाने का सामान चुरा लिया. इसके बाद दुकानदार गुस्से में आ गया. गुस्से में उसने नाबालिग को बीच बाजार में नंगा कर खड़ा कर दिया. पूरा बाजार खड़े होकर तमाशा देखता रहा, लेकिन किसी ने भी न तो दुकानदार को रोकने की कोशिश की और न ही नाबालिग को बचाया. मामला 31 जुलाई का है. घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है और लोग देवभूमि हिमाचल प्रदेश में इस तरह की घटना की निंदा कर रहे हैं. पीड़ित नाबालिग नेपाल मूल का है. इसके पिता टिक्कर में ही मजदूरी का काम करते हैं. बीते दिनों लंबी बीमारी की वजह से मां का देहांत हो गया और अब इस घटना ने नाबालिग के मन में गहरा मानसिक असर छोड़ दिया है. जानकारी के मुताबिक, मामले को दबाने की पूरी कोशिश हुई.*

## पाकिस्तानी मंत्री ने जम्मू कश्मीर को लेकर दिखाई अकड़




**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने हाल ही में पाकिस्तान की जर्नलिस्ट मुनीजा जहांगीर को एक इंटरव्यू दिया है. उन्होंने इंटरव्यू के दौरान आर्टिकल 370 को लेकर बयान दिया है. हिना रब्बानी खार ने कहा कि जब तक भारत जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 को बहाल नहीं करता है, तब तक हमारी उनसे किसी भी मुद्दे पर बात नहीं हो सकती है. हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत से बात करने की इच्छा जाहिर करते हैं. वहीं दूसरी तरफ उनके मंत्री के तरफ से इस तरह का बयान पाकिस्तान के दोहरी मानसिकता को दर्शाता है. आपको बता दे कि भारत ने आज ही के दिन यानी 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35 को निरस्त कर दिया था. पाकिस्तानी विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार का बयान साफ इशारा करता है कि पाकिस्तान भारत के साथ तभी राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित करेगा, जब तक भारत कश्मीर में आर्टिकल 370 लागू न कर ले. जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति ऐतिहासिक रूप से अनुच्छेद 370 में निहित थी, जिसने इस क्षेत्र को शासन, कानून और भूमि स्वामित्व में महत्वपूर्ण वरीयता प्रदान की थी. इसे रद्द करने को पाकिस्तान ने कश्मीरी लोगों के अधिकारों का उल्लंघन और क्षेत्र की जनसांख्यिकी को बदलने के कोशिश के रूप में माना था. 5 अगस्त, 2019 की घटना पाकिस्तान और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक निर्णायक क्षण रही हैं.

## महिला की पहचान शादी से नहीं

# विधवा की मंदिर में एंट्री रोकने पर हाई कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** मद्रास हाई कोर्ट ने विधवा महिलाओं के मंदिरों में प्रवेश पर रोक लगाने वाली प्रथाओं पर कड़ी फटकार लगाई है. कोर्ट ने कहा है कि किसी भी सभ्य समाज में ये इस तरह की परंपराएं नहीं हो सकती हैं. अदालत ने एक महिला की याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की, जिसमें इरोड जिले में एक मंदिर में जाने और कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की गई थी. लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस आनंद वेंकटेश की पीठ को महिला ने बताया कि उनके पति मंदिर में पुजारी थे, जिनकी 28 अगस्त, 2017 को मृत्यु हो गई थी. उन्होंने आगे बताया कि वह अपने बेटे के साथ मंदिर के उत्सव में हिस्सा लेने और पूजा करना चाहती थीं, लेकिन कुछ लोगों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया. उनसे कहा गया कि वे विधवा होने के चलते मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकती हैं. इसके साथ ही महिला ने आगामी 9 और 10 अगस्त को मंदिर में होने वाले उत्सव में हिस्सा लेने के लिए सुरक्षा की मांग की. पीठ ने पूरे मामले पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा, ये काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस राज्य में यह पुरानी मान्यताएं कायम हैं कि यदि



कोई विधवा मंदिर में प्रवेश करती है तो इससे वहां अपवित्रता हो जाएगी. हालांकि इन सभी मूर्खतापूर्ण मान्यताओं को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, फिर भी कुछ गांवों में इसका अभ्यास जारी है. कोर्ट ने आगे कहा, ये नियम पुरुषों ने अपनी सुविधा के लिए बनाए हैं. ये वास्तव में एक महिला को अपमानित करता है क्योंकि उसने अपने पति को खो दिया है. जस्टिस वेंकटेश ने आगे कहा कि एक महिला की अपनी अलग पहचान होती है और वैवाहिक स्थिति के आधार पर उसे किसी तरह कम नहीं किया जा सकता है. पीठ ने कहा, कानून के शासन वाले सभ्य समाज में ये कभी नहीं चल सकता. यदि किसी के द्वारा किसी विधवा को मंदिर में प्रवेश करने से रोकने का ऐसा प्रयास किया जाता है, तो उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए. पीठ ने कहा, एक महिला की अपनी स्वतंत्र पहचान होती है और उसे उसकी वैवाहिक स्थिति के आधार पर किसी भी तरह से कमतर या छीना नहीं जा सकता है. याचिका में शामिल दूसरे पक्ष को संबोधित करते हुए अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता और उसके बेटे को उत्सव में शामिल होने और भगवान की पूजा करने से रोकने का इन्हें कोई अधिकार नहीं है. इसके बाद कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता को मंदिर में प्रवेश से रोकने वालों को साफ-साफ सूचित करें कि वे उसे और उसके बेटे को मंदिर में प्रवेश करने से नहीं रोकेंगे. अगर ऐसा होता है तो पुलिस उनके खिलाफ सख्त एक्शन ले. कोर्ट ने कहा, पुलिस ये सुनिश्चित करे कि महिला याचिकाकर्ता और उसका बेटा 9 और 10 अगस्त को मंदिर के उत्सव में हिस्सा लें.

### ललित मोदी संग रिलेशनशिप अनाउंसमेंट करने पर सुष्मिता सेन को कहा गया था गोल्ड डिग



बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन अपनी शानदार एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने का एक मौका नहीं छोड़ती हैं. वह सोशल मीडिया पर फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती हैं साथ ही इंटरव्यू के जरिए अपने मन की बात सबके सामने रख देती हैं. सुष्मिता अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में भी फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं. सुष्मिता ने कुछ समय पहले ललित मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप की अनाउंसमेंट की थी. जिसके बाद उन्हें ट्रोल किया जाने लगा था. लोग उन्हें गोल्ड डिगर कह रहे थे. सुष्मिता ने अब इन लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया है. सुष्मिता ने लंबे समय के बाद अपने रिश्ते पर चुप्पी तोड़ी है. सुष्मिता ने जूम टीवी को दिए इंटरव्यू में इस बारे में बात की है. सुष्मिता ने कहा- अच्छा है इस तरह के कमेंट मेरे पास आए और मैं गोल्ड डिगर को परिभाषित कर पाई. बेइज्जती तो बेइज्जती होती है जब वो आपको मिलती है, जो मैं नहीं लेती हूं. लेकिन कुछ चीजें हैं जो किसी का बिजनेस नहीं हैं. मुझे ये कहने की जरुरत नहीं कि ये किसी का बिजनेस नहीं है बल्कि मैं ये कहना चाहूंगी ये आपका बिजनेस नहीं है. बाकी मैं आपको बता दूं कि मैं सिंगल हूं और इससे आपको कोई मतलब नहीं है.

# मणिपुर में फिर हिंसा, भारी गोलीबारी में मैतेई समाज के 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा थमती नहीं दिख रही है. ताजा घटना राज्य के बिष्णुपुर जिले में हुई है जहां शुक्रवार (04 अगस्त) को देर रात हुई हिंसा में कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई. मारे गए लोग कथित तौर पर क्वाक्टा इलाके के मैतेई समुदाय से हैं. वहीं कुकी समुदाय के लोगों के घरों में भी आग लगा दी गई. इसके बाद बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा इलाके में कुकी समुदाय और सुरक्षा बलों के बीच भारी गोलीबारी भी हुई. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, मणिपुर पुलिस और कमांडो जवाबी कार्रवाई कर रहे थे. बिष्णुपुर पुलिस के मुताबिक, मैतेई समाज के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कुकी समुदाय के कई घरों में आग लगा दी गई.

कुकी समुदाय और मणिपुर पुलिस के बीच जवाबी कार्रवाई में एक कमांडो के सिर में चोट भी लग गई.

हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद बिष्णुपुर जिले में

अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाके में




स्थिति कफी गंभीर बनी हुई है. कमांडो को बिष्णुपुर

अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुछ लोग बफर जोन पार कर मैतेई इलाके में आये और उन पर गोलीबारी की.केंद्रीय बलों से संरक्षित बफर जोन को बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा क्षेत्र से 2 किमी से अधिक आगे बनाया गया है. इस घटना के दो दिन पहले गुरुवार को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सशस्त्र बलों और मैतेई समुदाय के प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में 17 लोग घायल हो गए थे. सशस्त्र बलों और मणिपुर पुलिस ने जिले के कांगवई और फौगाकचाओ इलाकों में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे. यह घटना तब हुई जब मैतेई महिलाएं जिले में एक बैरिकेड क्षेत्र को पार करने का प्रयास कर रही थीं. उन्हें असम राइफल्स और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने रोक दिया, जिससे समुदाय और सशस्त्र बलों के बीच पथराव और झड़पें हुईं.

# एकलव्य विश्वविद्यालय में इतिहास विद्या एवं इतिहास लेखन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली एवं एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी इतिहास विद्या एवं इतिहास लेखन प्रविधि, प्रवृत्तियां एवं नवीन आयाम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने किया। उद्घाटन सत्र में उपस्थित पूर्व राज्यसभा

### देश के विभिन्न प्रदेशों से आए विषय वेत्ताओं ने रखे विचार

सांसद एवं कुलाधिपति विश्वविद्यालय, सासाराम, बिहार से गोपाल नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में आईसीएचआर अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. रघुवेन्द्र तंवर, कार्यक्रम के अध्यक्ष दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष, राजकीय उच्चतर शिक्षा आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय संकलन योजना के कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर ईश्वर शरण विश्वकर्मा, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडे एवं बीज वक्ता के रूप में उपस्थित महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र के साथ ही पूर्व सदस्य सचिव आईसीपीआर एवं आईसीएचआर प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ला, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के महासचिव हेमंत धिंग मजूमदार, मध्य प्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री श्रीमान



जयंत मलैया एवं एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन एवं कुलसचिव डॉ प्रफुल्ल शर्मा के सानिध्य में मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और साथ में एकलव्य विश्वविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा विद्यार्थियों के माध्यम से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया गया।पूजनोपरांत मंचासीन अतिथियों का स्वागत परिचय राष्ट्रीय महासचिव हेमंत धिंग मजूमदार ने कराया, स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंट कर प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया, कुलपति डॉ. पवन जैन, कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, निदेशक आएक्यूएसी डॉ. पर्ली जैकब, अधिष्ठाता अकादमी शाखा डॉ. अर्चना पाठक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण शाखा डॉ. शैलेन्द्र जैन एवं अधिष्ठाता इंजीनियरिंग डॉ. अनिल पिम्पलापुरे के द्वारा किया गया। इसके पश्चात कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया साथ ही सम्मानित मंच से शोध पत्रों के सारांश को समेटे हुए संगोष्ठी की शोध संक्षेपिका का विमोचन मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह के द्वारा किया गया साथ ही इतिहास पर एक अति महत्वपूर्ण पुस्तक ÷सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की मृत्यु का रहस्य÷का विमोचन किया गया। पुस्तक का लेखक संपादन एवं डिजाइनर एकलव्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ.सुधा मलैया द्वारा किया गया। इसका विमोचन आईसीएचआर के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ.रघुवेन्द्र तंवर ने किया। डॉ. मलैया ने बताया कि यह पुस्तक निश्चित तौर पर भारतीय जनमानस को नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगी। बीज वक्ता के रूप में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा एवं पूर्व सदस्य सचिव आईसीपीआर प्रोफेसर रजनीश कुमार शुक्ला ने इतिहास के विभिन्न पहलुओं को उद्घाटित किया,एवं ऋग्वेद से लेकर आज तक की वैज्ञानिकता को उद्घाटित किया। मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह ने भी संस्कृति, संस्कार भारत की पूंजी बताते हुए उन्होंने इस पर गहन चिंतन करने की बात रखी। वक्ता के रूप में उपस्थित अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडेय ने इतिहास पर वक्तव्य देते हुए बताया कि इतिहास को नए दृष्टि से देखने की जरूरत है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर ईश्वर सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि हमारे समृद्ध इतिहास को किस तरीके से नष्ट किया गया, यह बात किसी से छिपी नहीं है। कार्यक्रम के अंत में एकलव्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पवन कुमार जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात सभी एक साथ ख? होकर राष्ट्रगीत वंदेमातरम गाकर भारत का जयघोष किया गया। इस शुभारंभ सत्र का मंच संचालन डॉ. हृदय नारायण तिवारी द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत के सभी प्रान्तों से विद्वतजनों की उपस्थिति रही।यह संगोष्ठी मंथन दो दिनों तक अनवरत चलेगा एवं इससे जो अमृत निकलेगा वह राष्ट्र के लिए शुभकारी होगा।

# समाधिया ने पिछोर एसडीएम का पदभार संभाला

राकेश परिहार पिछोर



**पिछोर।** अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी राजीव समाधिया ने पिछोर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर आज पदभार ग्रहण किया। जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा हाल ही में जिले में हुए फेरबदल को करते हुए पिछोर एसडीएम के पद पर राजीव समाधिया को पिछोर का नया एसडीएम के पद पर पदस्थ किया।एसडीएम समाधिया जी 2016 बैच के अनुविभागीय अधिकारी हैं। यह कई स्थान पर एसडीएम के पद पर कार्यरत रहे हैं । बड़ा मलहरा (छतरपुर), अंबाह (मुरैना), चाचौड़ा( गुना) सहित कई स्थान पर एसडीएम रह चुके हैं ।एसडीएम समाधिया ने पदभार ग्रहण करने के बाद समस्त स्टाफ से परिचय किया। प्रभार के समय पिछोर तहसीलदार शिवशंकर गुर्जर, नगर परिषद अधिकारी आनन्द शर्मा सहित स्टॉफ के कर्मचारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पदाधिकारी की उपस्थिति में भाजपा महिला मोर्चा की रायपुर एवं दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक संपन्न

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की रायपुर एवं दुर्ग संभाग की संभाग स्तरीय बैठक आज भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि हमें राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यों को बूथ स्तर तक जाकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन के द्वारा महिला मोर्चा चुनाव समिति बनाई गई है जिसमें राष्ट्रीय महामंत्री इंदु गोस्वामी को प्रभारी एवं आरती सिंह एवं स्मिता बरुवा को सह प्रभारी बनाया गया है।






भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री निशा सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए वादों को अभी तक पूरा नहीं कर पाई है। महिला स्व सहायता समूह की बहनों का कर्जा माफ करने का वादा करने वाली कांग्रेस ने पौने 5 साल बीत जाने के बाद भी महिला स्व सहायता समूह की बहनों का कर्ज माफ नहीं किया है। छत्तीसगढ़ में शराब को घर घर पहुंचा कर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कई परिवारों को तोड़ा है और यह सब केवल उसने शराब से अवैध उगाही करने के लिए किया है। आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की महिलाएं अपने साथ हुए धोखाधड़ी के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अवश्य सबक सिखाएगी। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा महिला मोर्चा चुनावी बिगुल फूंक चुकी है। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सरकार के द्वारा किए गए वादाखिलाफी को लेकर एवं प्रदेश सरकार की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को लेकर घर घर जाकर प्रदेश सरकार की नाकामी को उजागर करेगी। पवित्र गंगाजल की सौगंध खाकर देश में पूर्ण शराबबंदी का वादा करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी करने के बजाय 2000 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया है। जिसके विरोध में भाजपा ने पूरे प्रदेश भर में आंदोलन भी किया। केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना का लाभ भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने गरीब जनता को नहीं दिया। भाजपा महिला मोर्चा की चुनाव प्रभारी स्मिता बरुआ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें केंद्र सरकार की केंद्रीय योजनाओं के बारे में जन जन तक पहुंचाना है और केंद्रीय योजनाओं के लाभ को हर जन को मिले इस दिशा में कार्य करना है। केंद्र की सरकार ने महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की है और इसका लाभ भी छत्तीसगढ़ की महिलाये प्राप्त कर रही है। भाजपा महिला मोर्चा चुनाव सह प्रभारी आरती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश को एक नई पहचान दिलाई है। दुनिया में भारत का वर्चस्व कायम किया है। आज हमें एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिसने भारत का परचम पूरी दुनिया में लहराया है। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सेवा भाव से लोगों को मुफ्त में अनाज, दिया गया ताकि कोई गरीब व्यक्ति भूखा ना सोए। देश में निर्मित वैक्सीन सभी देशवासियों को निशुल्क लगाने हेतु एक जन आंदोलन भी चलाया। जिसका परिणाम आज हमारे सामने हैं। भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा की प्रभारी श्रीमती सरला कोसरिया श्रीमती विभा अवस्थी ममता साहू शीतल नायक भावना बोहरा अलका चंद्राकर माया बेलचंदन हेमलता शर्मा संध्या तिवारी कल्याणी साहू डॉ किरण बघेल कृतिका जैन आयुषी पांडे आशा दुबे अमेरिका वर्मा रायपुर एवं दुर्ग संभाग की सभी जिला पदाधिकारी जिलाध्यक्ष जिला महामंत्री मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।



# शिवपुरी पुलिस द्वारा अभियान अभिमन्यु के चलते लोगों को किया जागरुक

## महिला थाना एवं कोलारस द्वारा बस स्टेण्ड, स्कूल एवं कस्बा में लोगो को महिला संबंधि अपराधों के प्रति जागरूक किया गया

**कोलारस।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश भर मे महिलाओं के प्रति होने बाले अपराधों मे कमी लाने एवं आसपास मे महिलाओं पर होने बाले दुर्व्यव्हार के प्रति आवाज उठाने एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिये अभियान अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन मे शिवुरी पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराधों मे कमी लाने व रोकने के लिए स्कूल कॉलेज और बस्तियों में लोगों को समझइस दी जा रही है। सामाज में लैंगिक समानता, महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने और महिला अपराधों के प्रति उन्हें संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के नेतृत्व मे शिवपुरी पुलिस द्वारा अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत आज दिनांक 05/08/2023 शिवपुरी पुलिस के महिला थाने द्वारा शिवपुरी के बस स्टेण्ड, कठमई आदिवासी स्कूल व आदिवासी वस्ती मे लोगों को महिलाओं के प्रति जागरुक करते हुये लोगों को महिला सुरक्षा के लिये सपथ दिलाई। इसी तारतम्य मे पुलिस थाना कोलारस द्वारा ग्राम सेसई मे स्कूली बच्चों व ग्राम के लोगों को अभियान से जोड़कर महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरुक कर सपथ दिलाई।

# बूथ पर तैयार कर रही यंग लीडरशिप, क्या है बीजेपी की नई रणनीति




संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग- आज दिनांक 04 अगस्त 2023 को भाजपा मंडल झाखरपारा का बैठक रखी गई। जिनके मुख्य अतिथि श्री कुंजबिहारी बेहरा संयोजक बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं मंडल प्रभारी श्री भागीरथी माझी के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ,बैठक में मुख्य क्रः.2 के संबंध में विस्तृत चर्चा कर कुल 39 बूथों पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को सबके सामने अंतिम रूप दिया गया। जो आगामी विधानसभा चुनाव के मुख्य भूमिका निभाएंगे उक्त कार्यक्रम में भागीरथी माझी मंडल प्रभारी ने कहा कि संगठन ने बूथ से लेकर वोट तक कनेक्शन पर फोकस कर रखा है,कौन सा वोट भाजपा को मिलता है। कौन से वोट कांग्रेस और दूसरी पार्टी को वोट देते हैं। बीजेपी को वोट न देने वाले मतदाताओं की नाराजगी और दूरी का कारण पता करके उन्हें अपने पाले में लाने की कोशिश की जा रही है,हर जाति के वोट पर फोकस किया जाएगा ये संकल्प के साथ कार्यक्रम को समापन किया।इस कार्यक्रम में कुंजबिहारी बेहरा संयोजक विधानसभा क्षेत्र,कुस राम यादव विस्तारक विकासखंड क्षेत्र, सीताराम यादव मंडल अध्यक्ष, धोबीराम मरकाम उपाध्यक्ष, पदुलोचन जगत सरपंच उसरीपानी,सनत माझी सरपंच झाखरपारा,तेजू राम साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता,दुर्जन चंद्राकर,रतन लाल यादव, रथमल यादव, अन्तमामी अवस्थी, शोभाचंद्र पात्र, हेमंत ठाकुर,भगवानों बेहरा, विजय कुमार बीसी,डगेश्वर मांझी, भुवन लाल बघेल अ.ज.जा मोर्चा,सुरेंद्र सोनवानी अ.ज.जा मोर्चा,दुष्यंत पात्र युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष,पेकू राम नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, विनोद यादव युवा मोर्चा महामंत्री महेंद्र बीसी मंडल महामंत्री संचालक,इंद्रमणि यादव मंडल महामंत्री पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शासकीय हाई स्कूल लाटापारा के स्कूली बच्चों ने दिखाई एक अनोखी पहल

## मतदाता जागरूकता स्वीप प्लान

संवाददाता हेमचंद नागेश



**देव भोग** –जिला गरियाबंद के विकास खण्ड देवभोग में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ के द्वारा स्विप कार्यक्रम हेतु फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1अक्टूबर 2023 के संदर्भ में आयोग द्वारा जारी समय सारणी का प्रचार एवं लोक व्यापीकरण तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु स्विप प्लान के अंतर्गत बुद्ध विलास सिंह जिला नोडल अधिकारी के निर्देश न व मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज 5 अगस्त को शासकीय हाई स्कूल लाटापारा के तत्वावधान में आयोजित वाद - विवाद, क्विज प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक व अन्य आदि कलाओं के माध्यम से मतदाता जागरूक के लिए कार्यक्रम आयोजन किया गया, यह कला जत्था स्कूलों में पढ़ने वाले देश का भविष्य गड़ने वाले विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय हित के पक्ष मे अपनी सहभागिता निभाई जा रही है,जिसका उम्र 18 वर्ष हों गया है वह अपना अमूल्य वोट दें कर देश का नागरिक कहलाते हैं। इस परिपेक्ष में आज ब्लाक के प्रमुख अधिकारी ने स्कूलों बच्चों के वाद विवाद क्विज़ प्रतियोगिता कार्यक्रम में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं- सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी - सिद्धेश्वर पांडे और उनके साथ देने में अहम भूमिका निभाई है विकास खंड नोडल अधिकारी नयन कुमार प्रधान उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों को मतदाताओं से जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं हैं कुमारी खितीसुता प्रथम, डोलेश कुमार द्वितीय स्थान,ईश्वरी तृतीय स्थान प्राप्त कर शासकीय हाई स्कूल लाटापारा स्कूल की शान मान बढ़ाई हैं।

# कांग्रेस सरकार गड्डे में है अब जनता को गड्डे में डाल रही हैः केदार गुप्ता

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी

1. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को गड्ढागढ़ बना दिया है। सड़कों की हालत क्या है। ये किसी से छिपी नहीं है।

2. मुख्यमंत्री जी ने दिसंबर 2022 तक छत्तीसगढ़ की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे लेकिन
आज 8 महीने से ऊपर हो गए है क्या छत्तीसगढ़ की सड़कें गड्ढा मुक्त हुई? ये सबसे बड़ा सवाल है।

3. 1 अगस्त को मुख्यमंत्री ने फिर लोक निर्माण विभाग की बैठक कर बरसात के बाद सड़कों को ठीक करने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री केवल निर्देश देते है. दिखावे के लिए अखबारों और मीडिया में खबर छपवाते है, लेकिन सड़कें सुधरी या नहीं
इनसे इनका कोई लेना-देना नहीं होता।

4. कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए सड़कों को ठीक किया जाता है. सड़कों को गुलाब की पंखुड़ियों से सजाया जाता है, क्योंकि गांधी परिवार को कही सड़कों में हिचकोले न लग जाये। लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता आये दिन सड़कों में हिचकोले खाये उससे मुख्यमंत्री जी की कोई मतलब नहीं है। ये दिखता है छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति मुख्यमंत्री कितने गंभीर है।

5. कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ का विकास तो हुआ नहीं है। लेकिन भूपेश सरकार ने अपने नेताओं का विकास जरूर किया है। इसलिए भिलाई नगर निगम ने राज्य सभा सांसद रंजीत रंजन के मद से कांग्रेस नेता के होटल को फायदा पहुंचाने के लिए 25 लाख रुपए की सीसी रोड बना दी है। मतलब साफ है लोगों को आने-जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़े. लेकिन कांग्रेसियों को सुविधा पूरी मिलनी चाहिए।

6 कांग्रेस नेताओं ने जनता के हित का पैसा अपने राजनैतिक एवं व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए उपयोग कर छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों को बेहतर सड़क से वंचित रखा



है। इसका जीता जागता उदाहरण है कि कैबिनेट मंत्रियों के घर तक पहुंचने वाली सड़कें चकाचक है, लेकिन आम जन तक पहुँचने वाली सड़कें गड्ढा और सिर्फ गड्ढा

7. कांग्रेस के भ्रस्टाचार और लूट की पराकाष्ठा इस कदर है कि छत्तीसगढ़ की सीमेंट और कॉन्क्रीट से बनी 93 प्रतिशत सड़कें अमानक हैं. 7401 सड़कों के सैंपल में से 6852 सैंपल फेल हो गए, जो बताता है कि आम जन के लिए बनने वाले सड़कों पर भी लूट का खेल खेलने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ा।

8. भूपेश सरकार के भ्रष्टाचार के कारण छत्तीसगढ़ की जनता को सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवानी पड़ रही है। पिछले 6 महीने में ही प्रदेशभर में सड़क हादसों में 3219 मौते हुई है। ये दुर्घटनाएं नहीं बल्कि कांग्रेस सरकार की लापरवाही से हो रही मौते है भूपेश को जवाब को देना होगा आखिर इन बेगुनाह लोगों को मौत के मुंह में क्यों धकेला।

9 रायपुर में हर महीने औसतन 47 लोग खराब सड़क के कारण हादसों में अपनी जान गँवा रहे है। क्या सोए हुए पीडबल्यूडी मिनिस्टर इसके लिए अपना इस्तीफा देंगे।

10 छत्तीसगढ़ को लूट रही कांग्रेस सरकार को जनता ने आने वाले चुनाव में जवाब देने का मन बना लिया है और जो विकास 2018 से रुका हुआ है उसे पुनः स्थापित कर छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नए भारत के विकाश के नए संकल्प के साथ जुड़ने को अब तैयार है।

11. भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास को गड्ढे में डालने का काम किया, अब आगामी चुनाव में जनता कांग्रेस को गर्त में डालेगी।

गौरतलब है की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले वर्ष ही लगभग 10 हजार करोड़ केवल सड़को के लिए दिए थे पिछले दौरे में मोदी जी ने भी अलग अलग विकास कार्यों के लिए 7600 करोड़ की राशि दी। केवल 4 वर्षो में मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को 2 लाख करोड़ से ज्यादा की राशि दी है लेकिन जनता के पास कुछ नहीं पहुंच रहा ।

## एक नजर...

### प्रेम प्रसंग का मामला 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने लगाई फांसी

अंबेडकरनगर से रामदयाल गौतम की रिपोर्ट



**आजमगढ़।** जनपद के पवई थाना अंतर्गत रिपोर्टिंग पुलिस चौकी मित्तूपुर के अंतर्गत ग्राम सभा मोहिद्दीन पुर पोस्ट बलईपुर में प्रेम प्रसंग का मामला इस कदर परवान चढ़ा कि 17 वर्षीय नाबालिक लड़की जिसका नाम वंदना पिता का नाम राजेंद्र कुमार 5 अगस्त 2023 रात को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर पंखो से साड़ी को बांधकर अपने गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेती है जबकि प्रेमी मालीपुर का रहने वाला है जिसका नाम विवेक यादव बताया जाता है पिता का नाम हरीश चंद्र यादव एफ आई आर कॉपी में जो लिखा गया है उससे पहले शायद एक बार लड़की उसके साथ भाग चुकी है यह दूसरी बार की घटना है जिसमें लड़की ने अपने ही घर में फांसी लगा लिया।

### प्रेम प्रसंग का मामला 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने लगाई फांसी

अंबेडकरनगर से रामदयाल गौतम की रिपोर्ट



**आजमगढ़।** जनपद के पवई थाना अंतर्गत रिपोर्टिंग पुलिस चौकी मित्तूपुर के अंतर्गत ग्राम सभा मोहिद्दीन पुर पोस्ट बलईपुर में प्रेम प्रसंग का मामला इस कदर परवान चढ़ा कि 17 वर्षीय नाबालिक लड़की जिसका नाम वंदना पिता का नाम राजेंद्र कुमार 5 अगस्त 2023 रात को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर पंखे से साड़ी को बांधकर अपने गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लेती है जबकि प्रेमी मालीपुर का रहने वाला है जिसका नाम विवेक यादव बताया जाता है पिता का नाम हरीश चंद्र यादव एफ आई आर कॉपी में जो लिखा गया है उससे पहले शायद एक बार लड़की उसके साथ भाग चुकी है यह दूसरी बार की घटना है जिसमें लड़की ने अपने ही घर में फांसी लगा लिया।

### सावन के अधिमास पुरूषोत्तम मास की कथा का हुआ आयोजन

पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा



**पुणे।** संजय पार्क वडेर में अधिक मास पुरुषोत्तम मास की कथा का आयोजक कथा वाचक इंदिरा शर्मा ने बताया की 21 दिन की चल रही कथा में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अधिक मास के महीने में कथा वाचक इंद्रजी शर्मा ने बताया कि इस महीने में ज्यादा से ज्यादा दान पुण्य उपासना करें। सीरवी महिला मंडल के अध्यक्ष इंदिरा सीरवी ने इस कार्यक्रम को बड़े ही धूमधाम से महिलाओं से किया आग्रह। सीरवी समाज महिला मंडल द्वारा एकादशी को गंगा स्नान कर महा आरती में भाग लिया महा आरती एकादशी के दिन और रात में चार-चार बार की गई इस आरती में महिलाओं ने 3100 दीपक जलाकर महा आरती की इस महाआरती का महत्व अधिक मास में बहुत बड़ा बताया गया है। पुरुषोत्तम मास यानी अधिक मास इस महीने में ज्यादा से ज्यादा दान पुण्य भजन कीर्तन और उपासना का महीना माना जाता है। इस महीने में शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं अधिक मास का महीना महिलाओं के लिए शुभ माना गया है।ये जानकारी पुणे से रमेश कुमार देवड़ा मीडिया प्रभारी द्वारा दी गई।

### आचार्य बालकृष्णजी महाराज के जन्मदिन पर जडी बूटी वितरण कर मनाया जन्मदिवस

पुष्पाजंली टुडे



**होसूर।** श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के जन्मदिवस पर पतंजलि योग समिति तमिलनाडु होसुर के सभी सदस्यों ने जड़ी बूटी दिवस योग, यज्ञ एवं जड़ी बूटीयो को वितरण करके मनाया गया। भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए आने वाली भावी पीढ़ी के लिए एक नई प्रेरणा हमें हर कार्य अपनी वैदिक परंपराओं के साथ जोड़कर आगे बढ़ना चाहिए पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी आदरणीय पारसमल ने बताया की औषधीय पौधों की सुरक्षा एवं जानकारी अपने जीवन को सर्व सुखी बनाने के लिए एवं रोग मुक्त जीवन जीने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है औषधि का सेवन करना मनुष्य की जीवनी शक्ति को बढ़ाता है। इसलिए इनकी सुरक्षा और इनकी जानकारी प्रत्येक व्यक्ति के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं पुरूष मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अशोकन एंव डॉ गिरिश, विवेकानंद, श्रीमती ललिता, संयोजक विष्णु, होसूर वडेर के सचिव तुलसाराम चावंडिया सहित जिले के सभी प्रभारी गण मौजूद रहे।इस मौके पर पंतजलि योग समिति के पारसमल सीरवी ने सभी को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।

# सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पांच बिंदुओं को लेकर कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन

### सपाइयों ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई गई

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** सर्किट हाउस पर समाजवादी पार्टी के मार्गदर्शक रहे छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई गई,जो कि श्री मिश्र लगातार राज्य सभा सांसद रहे जिन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए अपना सारा जीवन निछावर कर दिया और पार्टी को एक बड़े स्तर पर स्तर पर पहुंचाया जिसको लेकर आज छोटे लोहिया जी की जयंती मनाई गई जिसमें नवनिर्वाचित समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज यादव, नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अशोक दंडोतिया,प्रदेश संगठन प्रभारी रामरूची सिंह पटेल प्रदेश सचिव वीके बोहरे प्रदेश व्यापार संगठन प्रभारी नारायण पटेल ग्वालियर से चलकर भिण्ड पहुंचे जिला अध्यक्ष देवीदयाल पटेल चंदेल जिला छतरपुर से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हजूरी सिंह बघेल, दतिया अध्यक्ष नरेश धानुक सुबेदार मेजर, सूरज सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष डीके यादव, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, जिला महासचिव सत्येंद्र यादव, भिण्ड विधानसभा उपाध्यक्ष अनिल यादव अटेर विधान सभा उपाध्यक्ष दिनेश यादव ,कुनाल यादव, अटेर विधान अध्यक्ष ब्रजेश कोसल विशाल यादव, मोहन सिंह सगर, रामबाबू गर्ग ,पांडापुरा उप सरपंच दिलीप नरवरिया।

साथ ही नवनिर्वाचीत जिला अध्यक्ष के द्वारा कुछ मांगो को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार राकेश इगले को ज्ञापन सौपा गया। भिण्ड जिले में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग को पूर्व सरकार द्वारा सरकारी जमीन से भूमिहीन व्यक्तियों को दिये गये थे। इन पद्धति से छूट



गये है उनके पटटे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन भूमि स्वामी बनाये जाने का कष्ट करें। 2. यहकि भिण्ड जिले में लगभग 300-450 गौशालाओं का निर्माण कार्य कराकर बिल्डिंग बनाकर तैयार की गई है। उन गौशलाओं की जांच कराई जाये। कई ग ऐसी है कि एक भी गाए उपलब्ध नहीं है लेकिन पशुपालन विभाग लगातार गायों को डाइट के लिए भुगतान कर रहा है। उक्त धनराशि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से निरन्तर भुगतान किया जा रहा है। उक्त राशि को संबंधितों से बसूल की जाये । 3. यह कि भिण्ड जले में समस्त विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं सफाई कर्मचान एवं आउटसोर्स कर्मचारी एवं संविदा कर्मचारियों को नियमित कराने की उचित की जाये। 4. यहकि भिण्ड जिले की समस्त नगरपालिका एवं नगर पंचायतो में ऑफलाइन टेण्डरों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को अमलीजामा पहनाया गया है। उक्त ऑफलाइन टेण्डरों की जांच कराई जाये, जिससे पता चल सके कि शासन की लोकनिधि का दुरुपयोग किया गया अधिकारियों कर्म चारियो व ठेकेदारों की मिलीभगत से लोकनिधि को हड़पा गया उचित कार्रवाई की जाये। जब की भिण्ड जिले में कई प्राइवेट हॉस्पिटल झोलाछाप डॉक्टरों ने खोल रखे है । उक्त हॉडपिटलो की जांच कराई जाये, जिससे आम जनता को ठगी से छुटकारा मिल सके । अतः श्रीमान महोदय से निवेदन है कि ज्ञापन पत्र के बिन्दु । लगायत 5 तक की मूलभूत समस्याओं का निराकरण कर जनता को राहत दिलाई जाये । अन्यथा समाजवादी पार्टी को विवश होकर जन आदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी मध्यप्रदेश शासन व जिला प्रशासन की होगी ।

## करणी सैनिकों ने पुलिस अधीक्षक के नाम सौपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।** जिले की अटेर विधानसभा क्षेत्र के बोरेश्वर मंदिर पर पुरातत्व विभाग के द्वारा लगाए



गए बोर्ड पर भदावर के स्थान पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा गुर्जर लिखे जाने के कारण करणी सेना में काफी आक्रोश व्याप्त है, जिसके चलते आज पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन देने की घोषणा एवं नगर पालिका पर एकत्रित होने की बात थी।करणी सेना नगर पालिका से रैली निकालते हुए एसपी ऑफिस जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने उन्हें नगर पालिका में ही रोके रखा करणी सैनिक रैली निकालने पर अड़े रहे तो पुलिस प्रशासन अपनी बात पर अड़े रहे उन्होंने कहा कि करणी सेना ने रैली की परमिशन नहीं ली है, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिना परमिशन के रैली नहीं निकालने देगें ।पुलिस प्रशासन एवं करणी सेना दोनों अपनी अपनी बात पर अड़े रहे तब एसडीएम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे प्रदर्शन कर रहे स्थान पर पहुंच कर करणी सेना के लोगों से बात की तो करणी सेना के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापनकर्ता करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया एवं संगठन के लोगों को जान से मारने की धमकी देने वाले लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर, कड़ी दण्डात्मक सजा दिलाये जाने की मांग की है।

### ज्ञापन में मुख्य मांगे निम्न प्रकार है

1. प्रार्थी करणी सेना में प्रदेश अध्यक्ष है तथा समाज के हित में कार्य करता है तथा हमेशा समाज की लड़ाई लड़ने के लिये हमेशा आगे रहता है।
2. जिला भिण्ड के अटेर विधानसभा क्षेत्र में सुरपुरा में बोरेश्वर मंदिर स्थित है जहां कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा बोरेश्वर मंदिर के बोर्ड पर से मूलतः प्रतिहार हटाकर गुर्जर प्रतिहार लिख दिया था। जिसका विरोध प्रार्थी एवं उसके संगठन करणी सेना के द्वारा किया गया था।
3. प्रार्थी एवं उसके संगठन द्वारा विरोध करने पर गुर्जर समाज के लोगों के द्वारा आये दिन प्रार्थी एवं संगठन के लोगों को विरोध को खत्म करने के लिये धौंस दी गई तथा कहा कि अगर विरोध खत्म नहीं किया तो तुझे व तेरे संगठन के लोगों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है तथा कहा कि अब तुम यहां आये तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे। करणी सैनिकों ने कहा कि प्रार्थी एवं उसके संगठन करणी संगठन के लोगों को जान से मारने की धमकी देने वाले लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर,कड़ी दण्डात्मक सजा दिलाये जाने की मांग की है। ज्ञापनकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामू सिंह भदौरिया,अनिल भदौरिया,आकाश सिंह तोमर अंशू,हरी सिंह भदौरियारोमी चौहान, विक्की भदौरिया,सहित सैकड़ों करणी सैनिक मौजूद रहे।

### बंटू ढाबा पर केंद्रीय मंत्रियों का हुआ भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की

दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़
संतोष सिंह भदौरिया, संवाददाता



**भिण्ड।** मालनपुर पर शनिवार को बंटू ढाबा एवं शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने सैकड़ों समर्थकों संग केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं भूपेंद्र सिंह यादव का ढोल नगाडों और आतिशबाजी कर भव्य स्वागत कियाद्य केंद्रीय मंत्रियों का काफिला जैसे ही ग्वालियर से बंटू ढाबे पर पहुंचा तो सैकड़ों समर्थकों ने ढोल नगाड़ों के साथ जमकर आतिशबाजी की और केंद्रीय मंत्रियों को मालाये पहनाकर भव्य स्वागत किया इस अवसर पर दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने केंद्रीय मंत्रियों को शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया दोनों ही केंद्रीय मंत्री गाड़ी से उतर कर शिवाजी पब्लिक स्कूल परिसर में पहुंचे वहां पहले से ही खड़े विद्यालय के बच्चों ने दोनों ही मंत्रियों का भव्य स्वागत किया इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री तोमर ने दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू की पीठ थपथपाते हुए केंद्रीय मंत्री श्री यादव से परिचय कराया और कहा कि यह हमारे पुराने और विश्वासनीया कार्यकर्ता है और सहयोगी हैं द्यइस अवसर पर केपी अरजरिया ,जीपी अरजरिया, किशन सिंह राठौड़, अशोक तोमर ,पीएन मिश्रा, अर्जुन इत्यादि समर्थक एवं बंटू ढाबा और शिवाजी पब्लिक स्कूल के स्टाफ ने मंत्रियों का स्वागत किया।

## सेना के जवान का स्वागत करने सतना से लेकर बिरसिंहपुर तक उमड़ा पब्लिक हुजूम

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ

***सतना।*** *बिरसिंहपुर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी रमाकांत त्रिपाठी भारतीय थल सेना से 21 वर्ष की देश सेवा कर सकुशल हुए सेवानिवृत्त उनकी अगवानी करने सैकड़ों लोग वाहन के साथ काफी लोगों के सहित सतना रेलवे स्टेशन मैं स्वागत करने पहुंचे बिरसिंहपुर में पहुंचने के पश्चात जगह-जगह सैकड़ों लोगों ने स्वागत किया वह पूरा बिरसिंहपुर नगर भारत माता की जय जय हिंद जय भारत के नारों से गूंज उठा रमाकांत त्रिपाठी के एक और भाई भी अवि भारत माता की रक्षा में लगे हुए हैं।*



## शिवाजी पब्लिक स्कूल पर केंद्रीय मंत्रियों का भव्य स्वागत किया गया





पुष्पांजली टुडे संवाददाता
पहलवान सिंह राजावत

**मालनपुर ।** केंद्रीय कृषि मंत्री व मध्य प्रदेश भाजपा के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव का भिंड ग्वालियर सीमा बंटू ढाबा एवं शिवाजी पब्लिक स्कूल पर भव्य स्वागत किया गया जिसमें श्रीफल सोल देकर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व भूपेंद्र सिंह यादव का ग्वालियर से अम्बाहा जाते समय टोल प्लाजा से निकलकर बन्टू ढाबा शिवाजी पब्लिक स्कूल एवं ढाबा संचालक बंटू उर्फ दिनेश सिंह परिहार ने अपने स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं साथियों के साथ स्वागत किया जैसे ही नरेंद्र सिंह तोमर नेशनल हाईवे ग्वालियर इटावा राजमार्ग पर पहुंचे लगभग दिन के 12ः00 बजे नरेंद्र सिंह तोमर पहचते ही जिंदाबाद के नारे व भारतीय जनता पार्टी नारो से गूंजता दिखाई दिया सैकड़ो स्कूली बच्चों को समूह के साथ देखकर केंद्रीय कृषि मंत्री मंत्री तोमर ने गाड़ी से उतरकर और बच्चों के साथ फोटो साझा किया बच्चों को आशीर्वाद देते हुए बंटू परिहार की पीठ थपथपाते हुए कहा कि हमारे और बंटू सिंह के पारिवारिक रिश्ते हैं साथ-साथ भाजपा का पुराना कार्यकर्ता है इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव कि परिचय कराया और कहा कि यह एक भरोसेमंद जुझारू ईमानदार कार्यकर्ता है इसके पूर्व बंटू सिंह परिहार व के पी अर्जरिया, अशोक सिंह तोमर, ने नरेंद्र सिंह तोमर एवं भूपेंद्र सिंह केंद्रीय मंत्रियों भव्य स्वागत किया फूल मालाओं और श्रीफल शोल भेंट की जिस पर केंद्रीय मंत्रियों ने धन्यवाद दिया इसके स्वागत करने वालों में जे पी अर्जरिया, किशन सिंह राठौर, नेहा सिंह, अर्जुन सर, एवं होटल व स्कूल शिक्षक स्टाफ के साथ दो दर्जन से अधिक लोगों लोग मौजूद रहे एक अलग झलक दिखाई दी इसी तरह मालनपुर नगर में कई जगह स्वागत किया गया।

### तथ्य और कानून से परे फैसलो का हश्र

# राहुल गांधी को मानहानि के आरोप से मुक्ति न्यायिक विजय

**भोपाल ■**

बहु प्रतीक्षित राहुल गांधी को चुनाव लड़ने से अयोग्य करने वाले गुजरात के तीन स्तर के अदालती फैसलों को अंततः सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया ! जी हाँ, जस्टिस गवाई ने कहा भी की न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 2 साल की ही सज़ा क्यूं सुनाई ! वे एक साल 11 माह की भी सज़ा दे सकते थे ! परंतु नहीं, उनकी सज़ा राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता को खत्म करने की थी। जिला अदालत ने और गुजरात उच्च न्यायालय ने भी आरोपी को सज़ा के परिणाम को समझा था कि वे एक सांसद हैं और 2 साल की सज़ा उन्हें न केवल उनकी लोकसभा की सदस्यता से वंचित करेगी वरना उन्हें आगामी आठ साल तक चुनाव लड़ने के अयोग्य भी कर देगी ! उन्होंने यह सज़ा एक नागरिक को नहीं वरन एक सांसद को सुनाई थी !



सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को दिलचस्प बताया। शायद न्यायमूर्ति गुजरात उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान जज साहेबान द्वारा राहुल गांधी पर सावरकर को माफ़ीवीर कह कर अपमान करने की टिप्पणी की थी, संभवतः उसी का संदर्भ रहा होगा। हांलाकि अभी सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को ही रद्द किया है अभी राहुल गांधी को मुकदमा खारिज करने का शायद इंतज़ार करना होगा।

एक बात इस प्रकरण से साफ – साफ निकाल कर आई है कि गुजरात की सरकार हो या उसका प्रशासनिक अमला हो अथवा वहां की न्यायिक व्यवस्था हो - सभी तथ्य से हट कर यह देखते है कि क्या यह व्यक्ति नरेंद्र मोदी विरोधी है, अथवा यह हिन्दू राष्ट्र का विरोधी है, सारी जांच और फैसले संभवतः इसी आधार पर लिए जाते हैं। हाल ही में तीस्ता सीतलवाड़ को जमानत देने का मामला हो तब भी सुप्रीम कोर्ट ने यही कहा था कि इनके विरुद्ध केवल दस्तावेजी सबूत ही है – जिनके लिए इनको जेल रखना उचित नहीं है। अतः जमानत दी जाती है। यह फैसला गुजरात के आला प्रशासनिक अफसरों को बहुत भारी पड़ा था। बताया जाता है कि केंद्र ने इस सारे मामले की फाइल दिल्ली बुलवाई है। जिसका अर्थ है कि किसी ना किसी अफसर की गरदन नापी जायेगी।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी एक दिशा की ओर साफ - साफ इशारा करती है कि गुजरात में न्याय प्रणाली में प्रदेश अथवा केंद्र के सत्ताधीशों की रुचि और उसूलों का विरोध मंजूर नहीं ! वरना क्या बात है कि आज तक गुजरात सरकार और उसके प्रमुख विभागों के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले राज्य के बाहर से क्यूं होते हैं ? यह वैसा ही है जैसे कि चीन का विरोध करने ताइवान के लोग आए ! यह स्थिति अत्यंत देश की लोकतांत्रिक प्रणाली और संविधान की व्यवस्था जिसमें राज्य को नागरिकों के सभी संवैधानिक मूल अधिकारों की रक्षा का जिम्मेदार बनाया गया है। ना कि किसी राजनीतिक पार्टी और उसके नेताओं की इच्छा की अधीनता ! लगता है कि नरेंद्र मोदी जी का गुजरात माडल यही है कि सभी नागरिक हिटलर के जर्मनी की भांति दिमाग कुंद और हाथ पैर नियंत्रण में और मुंह से बोले -हेल हिटलर ! वरना अंजाम तो दुनिया ने देखा है, यहूदियों के यातना शिविर और सामूहिक नर संहार। परंतु उसके सहयोगियों और अफसरों का भी हाल दुनिया ने देखा है। फांसी और 50 से 70 साल का कारावास ! यहां तक कि जर्मनी से भाग कर अर्जेन्टीना में पनाह लेने वाले आईखमन को इजरायल में फांसी की सज़ा दी गयी।

# प्रभावी जाति समूहों की बढ़ी पूछ परख

**भोपाल ■**

**विधानसभा चुनाव करीब आते ही ऐसे जाति समूहों की पूछ-परख बढ़ गई है जिनका स्थानीय स्तर पर प्रभाव है पहले एक दौर आया जब संख्या बल के आधार पर जातियों को महत्त्व मिला लेकिन जैसे-जैसे चुनाव होते गए रणनीतिकारों का अनुभव बढ़ता गया और अब संख्या की बजाय प्रभाव रखने वाले व्यक्तियों और जातियों पर फोकस किया जा रहा है।**

दरअसल, कई नेताओं और राजनीतिक दलों ने पिछले कुछ वर्षों में जाति राजनीति को जमकर हवा दी। कहीं-कहीं सफलता भी मिली लेकिन वह स्थाई नहीं रही और अब एक जाति के नाम पर राजनीति करना मुश्किल हो गया है। खासकर नई पीढ़ी गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेती है। यही कारण है कि अब जातियों में भी ऐसे समूहों को ऊभारा जा रहा है जिनका समाज में प्रभाव है।जो प्रोफाइल रहते हैं सहजता और सरलता जिनका स्वभाव है क्योंकि इनके प्रति अधिकतम स्वीकृति होती है और यह भी बिना किसी मोलभाव के केवल सम्मान के आधार पर अपना निर्णय सही के पक्ष में बदल देते हैं। ऐसा ही इस समय मध्य प्रदेश की राजनीति में छोटे-छोटे पॉकेट में विभिन्न समूहों को अपनी और करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। धार्मिक आधार पर विभिन्न पदों के अनुयाई या किसी भीड़ जुटाने वाले कथावाचक संत के समर्थकों को अपनी ओर करने की कोशिश की जा रही है। जिसके साथ में और भी वोटे प्राप्त की जा सकती है साफ है ऐसे लोगों पर फोकस है जो की वोटर कहलाते हैं।



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की छिंदवाड़ा में कथा शुरू हो रही है उसके पहले निकली कलश यात्रा

बहरहाल, छिंदवाड़ा के सिमरिया में जहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा कराई जा रही कथा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा शुरू हो गई है। जो 7 अगस्त तक चलेगी। वहीं अनेक विधानसभा क्षेत्रों में कथावाचकों के प्रोग्राम तय हो गए हैं। अवसर भी अधिक मास का है जिसका सनातन धर्म में बहुत महत्व है और जो संत चौमासा के चलते कहीं जा नहीं रहे हैं वे वहीं से अपना संदेश प्रसारित कर रहे हैं। आयोजक भी समझ रहे हैं कि चुनाव के ऐन वक्त पर खर्चा करने पर चुनाव आयोग का पहरा रहता है और मध्यस्थों के द्वारा जितना भेजा जाता है अंतिम व्यक्ति तक अपना पहुंच नहीं पाता इसलिए बहुत पहले से ही आयोजनों के बहाने सम्मान देने रूठे को मनाने और टीका पटा करने का अभी अच्छा अवसर है। जिस तरह से प्रदेश के दोनों ही प्रमुख दल लगातार सर्वे करा रहे हैं यहां तक कि एक दल के चार - चार सर्वे हो रहे हैं। दो प्रादेशिक नेतृत्व कर रहा है तो दो सर्वे राष्ट्रीय नेतृत्व कर रहा है इसलिए भी मेदान में टिकट के दावेदार सक्रियता जताने माहौल को सकारात्मक बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। राजनीतिक दल जहां पिछले 3 वर्षों से आदिवासी वर्ग पर फोकस बनाए हुए हैं क्योंकि इनकी प्रदेश में आबादी 22% है और इनका स्वभाव सहजता का है इनको अपनी और करने में निश्चिंता हो जाती है क्योंकि यह वर्ग वादे का भी पक्का है। इसी तरह दलित वर्ग को रिझाने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है और अब माउथ पब्लिसिटी में माहिर समाज में अधिकतम सम्मान का भाव पाने वाले ब्राह्मण समाज के प्रति आदर भाव दिखाने में भी होड जैसी लग गई है। प्रदेश में लोधी यादव और कुशवाहा पहले से ही राजनीतिक दलों के एजेंडे में रहे हैं। इन समाजों ने जिस तरह से समय-समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है शक्ति प्रदर्शन किया है वह भी सर्वविदित है। इन समाजों से जो भी प्रभावी नेतृत्व है उनको राजनीतिक दल अपनी तरफ करते रहे हैं।

कुल मिलाकर कई मायनों में विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 की कुछ अलग ही स्क्रिप्ट लिखी जा रही है जिसमें स्थानीय स्तर पर जातीय समूहों के नए समीकरण देखने को मिलेंगे जिसमें प्रभावी जातियों का गठजोड़ बनाने की कोशिश हो रही है लेकिन माहौल बनाने के लिए समाज में सहज सरल और शक्ति प्रदर्शन से दूर प्रभावी जातियों को महत्व दिया जा रहा है उससे जरूर अक्खड़ जाति समूह भविष्य के लिए सबक लेगा। राजनीतिक दल जिस तरह से सर्वे करा रहे हैं उससे टिकट के दावेदार कि वह दलील दरकिनार कर दी जाएगी। जिसमें वह अपनी जातियों का दंभ भरते हैं क्योंकि इस बार किसी एक जाति से नहीं जो सर्व जाति में स्वीकार हो उसको टिकट देने की रणनीति पर काम हो रहा है क्योंकि दावे कितने भी किए जाएं चुनाव तो आखिर मैदान में लड़े जाते हैं और मैदान में अधिकतम सर्व स्वीकार्य ही सफल होता है। जैसे-जैसे जमाना बढ़ रहा है रिसर्च हो रही हैं वैसे-वैसे चुनाव के पुराने फार्मूले रद्दी की टोकरी में जा रहे हैं और नई रिसर्च में नए तरीके आजमाएं जा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के लिए वर्तमान राजनीतिक वातावरण रिसर्च करने के लिए अनुकूल हो सकता है क्योंकि यह चुनाव नहीं है आसान बस इतना समझ लीजिए

# प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए सीएम जनसेवा मित्र रचेंगे नया इतिहास : शिवराज

**भोपाल ■**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छह महीने पहले जिन बेटे-बेटियों का चयन मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के रूप में किया गया था, उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। ये सभी युवा इतिहास रचेंगे। स्वामी विवेकानंद कहते थे तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो, तुम अनंत शक्तियों का भंडार हो। दुनिया में हर काम आप कर सकते हैं। युवा प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए नया इतिहास रचने में सहयोग करें। जो काम आपको मिला है, वह अपने आप को तराशने और बनाने और सीखने का कार्य है। इसे पूरी गंभीरता से करें। अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने की कोशिश करें। लाड़ली बहना योजना सहित अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं में भरपूर सहयोग करें। मुख्यमंत्री चौहान आज लाल परेड ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र बूट कैंप बेच-2 में सीएम जनसेवा मित्रों को संबोधित कर रहे थे। प्रारंभ में मुख्यमंत्री चौहान ने पुष्प-वर्षा कर युवाओं का स्वागत किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष सचिन चतुर्वेदी, सीईओ राघवेन्द्र कुमार सिंह, लोकेश शर्मा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लोगों की सेवा भगवान की पूजा मानकर करें, तो आनंद की प्राप्ति होगी

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आप मेरी आँख और कान हैं। आपको जो ग्राम पंचायत कार्य करने के लिए दी गई हैं, उस पंचायत में लगातार भ्रमण करें। सभी से विनम्रता से बात कर योजनाओं के बारे में समझाइश दें। कार्य को पूरा करने के लिए दिल में तड़प रखकर बेहतर प्रयास करें। कार्य करने के पीछे सकारात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए। लोगों की सेवा भगवान की पूजा मानकर करें, तो आनंद की प्राप्ति होगी।

### देश-दुनिया के राज्यों में मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाना है

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में एक समय सड़कों की हालत खराब थी। बिजली भी बहुत कम आती थी। पीने के पानी, सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं थी। म.प्र. बीमारू राज्य था। आज प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रूपये से बढ़कर एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। बिजली का उत्पादन 2900 मेगावॉट से बढ़कर 28 हजार मेगावॉट हो गया है। लगभग 47 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था हो गई है। सड़कों की स्थिति में सुधार हुआ है। प्रदेश का बजट भी बढ़ा है। हम सीएम राइज स्कूल बना रहे हैं। मध्यप्रदेश को आगे ले जाना है। देश-दुनिया के राज्यों में मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाना है।

### मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ 13 अगस्त को

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में उच्च शिक्षा और विदेश में अध्ययन की फीस राज्य सरकार भरवा रही है। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ 13 अगस्त को होगा। युवाओं को काम सीखने के दौरान 8 हजार रूपये प्रतिमाह भी दिए जाएँगे। यह इंटर्नशिप योजना आपको कई अनुभव सिखायेगी। प्रदेश में बेटा और बेटियों का भेदभाव समाप्त करने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई। बेटियों के हित में कई कदम उठाए गए हैं। बहनों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई गई है।

### मध्यप्रदेश को आगे ले जाने में युवाओं का मिले पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सीएम जनसेवा मित्र सभी योजनाएँ लागू करवाने में मदद करें। सीएम जनसेवा अभियान में लोगों की सेवा करके उनकी जिंदगी बदलना है। आप लोगों की जिंदगी बेहतर बनाओ, आपकी जिंदगी बनाने का काम हम करेंगे। मुझे आप पर पूरा विश्वास है। मध्यप्रदेश को आगे ले जाने में आपका पूरा सहयोग मिले। आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

### युवा ही देश का निर्माण करते हैं - मंत्री भदौरिया

सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में सुशासन के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। युवाओं को काम देने का कार्य किया जा रहा है। युवाओं के लिए सीएम जनसेवा अभियान से जोड़कर उन्हें लोगों की सेवा का बड़ा काम दिया गया है। युवा ही देश का निर्माण करते हैं।

### सीएम फेलोज को उपलब्ध कराई जायेंगी गाड़ियां

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सीएम फेलोज़ को लोगों के बीच पहुँचने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे वे आसानी से अपने दोरे कर सकें। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों को ऑनलाइन कार्य के लिए 200 रूपये का मोबाइल डाटा पेक डलवाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने युवाओं के सवालों के दिए जवाब

मुख्यमंत्री चौहान से पाँच जनसेवा मित्रों ने संवाद करते हुए सवाल पूछे। मुख्यमंत्री चौहान से सहजता से सवालों के जवाब दिए। इंदौर के जन सेवा मित्र कु. रितिका चौहान ने पूछा कि आपके मन में बेरोजगारी भत्ता देने का विचार क्यों नहीं आया? इस पर मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हम युवाओं को घोंसला नहीं पंख देने का कार्य कर रहे हैं, जिससे वे ऊँची उड़ान भर सकें। इसीलिए प्रदेश में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना शुरू की गई है। मंडला की कु. उर्वशी राय ने सवाल किया कि आपका अपनी इतनी व्यवस्तताओं के बीच तनावमुक्त रहने का मंत्र क्या है? मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि तनावमुक्त रहने के लिए योगा और मेडिटेशन बहुत आवश्यक है। साथ ही आप अपना काम करते रहें, फल की इच्छा नहीं करें, तो तनावमुक्त रहा जा सकता है। सतना जिले के युवा अमर भारती पटेल ने पूछा कि जब आप पहली बार मुख्यमंत्री बने, तब आपके सामने कोन-कोन सी चुनौतियाँ थीं ? मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जब में मुख्यमंत्री बना तब प्रदेश में बिजली, पानी, सड़क, अस्पताल, स्कूल, सिंचाई और रोजगार के साधन का अभाव था। अब इन सभी बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करते हुए मध्यप्रदेश आगे बढ़ा और आत्मनिर्भर बना है। रतलाम की कु. तनीषा चोपड़ा ने सवाल किया कि युवावस्था में आपके प्रेरणा-स्त्रोत कौन थे? मुख्यमंत्री चौहान ने बताया कि मेरे प्रेरणा-स्त्रोत स्वामी विवेकानंद, भगवत गीता, श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी बाजपेयी और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। गुना जिले के ऋषभ रघुवंशी ने पूछा कि आप अपने विभिन्न कार्यक्रमों में इतनी व्यस्तता के बीच मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों से जरूर मिलते हैं, आपके इस विनम्र स्वभाव से हम क्या सीख सकते हैं? मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि व्यस्तता चाहे जितनी भी हो, आप समय निकाल सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ गाया गीत

मुख्यमंत्री चौहान ने जनसेवा मित्रों के कार्यक्रम में युवाओं के बीच पहुँचकर ₹ओ नदिया चले, चले रे धारा-चंदा चले चले रे तारा तुझको चलना होगा₹ गीत युवाओं और कलाकारों के साथ गाया। जन सेवा मित्रों ने पर्यावरण पर केन्द्रित नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं। मुख्यमंत्री चौहान ने वी.सी. के माध्यम से अशोकनगर, खण्डवा, जबलपुर, विदिशा से जुड़े जन सेवा मित्रों के परिजनों से बातचीत की। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की पुस्तक 'अग्रसर' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री चौहान ने पाँच जन-सेवा मित्रों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए।

# मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में ऐसे काम हुए जो अन्य सरकारों के लिए संभव नहीं था : प्रहलाद पटेल

**सतना/सिवनी ■**

केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में विकास हुआ है, वहीं देश से धारा 370 के कलंक को हटाने से लेकर अनेकों ऐसे काम हुए है जो अन्य सरकारों के लिए संभव नहीं था।पटेल ने यह बात यहां टाउन हाल में आयोजित विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा की ताकत है। कार्यकर्ताओं के बल पर आज हम प्रदेश से लेकर केन्द्र तक सत्ता में है। भारतीय जनता पार्टी के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है। सरकारों में रहकर बेहतर सेवा दे सकते है इसलिए गरीब कल्याण की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हमें करना है।



केन्द्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं को जिले की सभी विधानसभा सीटें जीतने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि जिले की सभी सीटें जीतने का इतिहास संभाग में कायम है, जरूरत है तो सिर्फ उस इतिहास को आज फिर से दोहराने की है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ की ओर जाने का आह्वान करते हुए कहा कि बूथ में पार्टी कार्यकर्ता ही भाजपा का उम्मीदवार होता है।

वहीं सिवनी के लखनादोन में विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने संबोधित किया और कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता बड़े ही सोभाग्यशाली है। निष्ठावान कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से ही आज भाजपा दुनिया की नम्बर वन पार्टी बनी है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक है। वही कई राज्यों में भाजपा की सरकारे है। भाजपा विचार आधारित राजनीतिक दल है, यहाँ सामूहिक नेतृत्व के आधार पर निर्णय होते हैं। भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि होता है। पार्टी के कार्यकर्ताओं केवल राजनैतिक दृष्टि से वोट लेने के लिये नहीं बल्कि विकास की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कार्य करते है। हमारी सरकारों ने विकास और जनकल्याण का कार्य जिस प्राथमिकता से किए है वह कांग्रेस सरकार से उम्मीद नहीं की जा सकती। कांग्रेस के शासनकाल में एक रूपये में से 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंटचढ़ जाते थे। आज प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में हर प्रकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं का सीधा लाभ हितग्राहियों के खाते में पहुंच रहा है।

## सार समाचार

### महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने स्वर्ण पदक जीता

**बर्लिन** । भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने मेक्सिको को हराकर विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लिया। भारतीय टीम में ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कोर शामिल थे। उन्होंने मेक्सिको को 235.229 से हराया। इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में कोलंबिया और क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे को हराया था।

### पीसीबी ने पूर्व अध्यक्ष एजाज बट के निधन पर शोक जताया

**कराची,** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व टेस्ट क्रिकेटर एजाज बट के निधन पर शोक जताया है। वह 85 वर्ष के थे। क्रिकेट प्रशासक बनने से पहले बट ने पाकिस्तान के लिये 1959 से 1962 के बीच में आठ टेस्ट खेले। उन्होंने एक अर्धशतक समेत 279 रन बनाये। पीसीबी की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा, पीसीबी की ओर से मैं एजाज बट के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। मैं निजी तौर पर उन्हें जानता था और मेरे मन में उनके लिये अपार सम्मान है। अशरफ 2011 में बट की जगह पीसीबी प्रमुख बने थे।

### वुशू खिलाड़ी और नाबालिग तैराक डोप टेस्ट में विफल

**नई दिल्ली** । एशियाई खेलों में भाग लेने जा रहे वुशू खिलाड़ी ओवैस सरवर अहेंगर और एक नाबालिग तैराक को डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। नाडा के अनुसार 23 वर्ष के सरवर के डोप टेस्ट में 19 नोरांड्रोस्टेरोन समेत कई प्रतिबंधित दवाओं के अंश पाये गए हैं। इनमें मेफेंटेरमाइन और फेंटेरमाइन शामिल है। लद्दाख के 70 किलो वर्ग के खिलाड़ी सरवर को 23 सितंबर से शुरू हो रहे एशियाई खेलों के लिये भारतीय वुशू संघ की 14 सदस्यीय टीम में रखा गया था। नाबालिग तैराक को भी 19 नोरांड्रोस्टेरोन के सेवन का दोषी पाया गया।

### लक्ष्य विश्व कप जीतना है: तिलक वर्मा

**तारोबा,** । तिलक वर्मा ने सोचा नहीं था कि भारत के लिये पदार्पण का मौका केरियर में इतनी जल्दी मिल जायेगा लेकिन अब यह सपना पूरा होने के बाद उनका लक्ष्य विश्व कप जीतना है। 2020 अंडर 19 विश्व कप टीम का हिस्सा रहे 20 वर्ष के वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच में 22 गेंद में 39 रन बनाये। वर्मा ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किये गए वीडियो में कहा, हर किसी का सपना देश के लिये खेलने का होता है। मैंने कभी सोचा नहीं था कि केरियर में इतनी जल्दी भारत के लिये खेलने का मौका मिलेगा।

# बैडमिंटन: सिंधू और श्रीकांत आस्ट्रेलिया ओपन से बाहर

## प्रणय और राजावत ने जीत के साथ अंतिम चार में जगह पक्की की।

**सिडनी** ■ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आस्ट्रेलिया ओपन बेडमिंटन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की बेवेन झांग से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई लेकिन एच एस प्रणय और युवा प्रियांशु राजावत ने जीत के साथ अंतिम चार में जगह पक्की की।

पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रणय और राजावत एक दूसरे के आमने सामने होंगे, जिससे टूर्नामेंट के फाइनल में किसी भारतीय की उपस्थिति सुनिश्चित हो गयी। ऑरलियन्स मास्टर्स चैंपियन राजावत ने हमवतन किदांबी श्रीकांत को एकतरफा क्वार्टर फाइनल में 21-13 21-8 से हराकर पहली बार सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल जगह बनायी। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय दुनिया को हालांकि दूसरे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका जिंटिंग के खिलाफ एड़ी-चोटी का जोड़ लगाना पड़ा।

उन्होंने 73 मिनट तक चले मुकाबले के शुरुआती गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 16-21, 21-17, 21-14 से कड़ी जीत हासिल की। पिछले कई टूर्नामेंटों से शुरूआती दौर में ही बाहर होने के कारण विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसकी सिंधू को दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी झांग ने 39 मिनट में 21-12, 21-17 से हरा दिया। पिछले दस मुकाबलों में सिंधू ने झांग को छह बार हराया है लेकिन चीनी मूल की इस अमेरिकी खिलाड़ी से आज पार नहीं पा सकी। सिंधू ने हमवतन अष्मिता चालिहा और आकर्षि कश्यप को पहले दो दौर में हराया था लेकिन झांग से हार निराशाजनक रही। अब वह 21 से 27 अगस्त तक डेनमार्क के कोपेनहेगन में विश्व चेम्पियनशिप खेलेंगी। विश्व चैम्पियनशिप 2019 विजेता सिंधू चोट से उबरने के बाद से खराब फॉर्म से गुजर रही है ।वह इस





साल 12 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर टूर्नामेंटों में से सात में जल्दी बाहर हो गई। साल की शुरुआत में उन्होंने कोरिया के पार्क ताए सांग से नाता तोड़कर कुछ समय साइ की कोच विधि चौधरी के साथ काम किया। अब उनके साथ नये कोच मोहम्मद हफीज हाशिम हैं जो 2003 आल इंग्लेंड चैम्पियन रह चुके हैं। प्रणय और जिंटिंग के बीच मुकाबला शुरू से बराबरी का था। पहले गेम की शुरुआत में दोनों 2-2 की बराबरी पर थे। दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले मुकाबले (ऑल इंग्लेंड चैंपियनशिप) में प्रणय को शिकस्त मिली थी। जिंटिंग ने शानदार रैलियों से छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी पर दबदबा बनाये रखा और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। प्रणय ने इसके बाद कुछ अंक जुटाए लेकिन वह इसके अंतर को पाटने में विफल रहे। दूसरे गेम में भी दोनों के बीच कड़ा संघर्ष जारी रहा। स्कोर के 9-9 की बराबरी पर था लेकिन प्रणय ने ब्रेक पर जाने से पहले दो अंक की बढ़त बना ली। उन्होंने शानदार लय को जारी रखते हुए अपनी बढ़त को 14-9 किया लेकिन जिंटिंग इस अंतर को कम कर 12-15 कर दिया।

भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार अंक जुटाकर सात गेम प्वाइंट हासिल किया। उन्होंने हालांकि चार गेम प्वाइंट गंवा दिया लेकिन पांचवें में कोई गलती नहीं की जिससे मुकाबला निर्णायक गेम में खींच गया। प्रणय ने तीसरे गेम में 4-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की लेकिन जिंटिंग इसे 7-8 करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि ब्रेक के समय 11-7 और ब्रेक के बाद 15-8 की बढ़त कर ली। जिंटिंग ने लगातार पांच अंक बटोर के मुकाबले में रोमांच को बनाये रखा। प्रणय ने हालांकि इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को शिकस्त दे दी।

प्रणय दुनिया के 31वें नंबर के राजावत के खिलाफ 1-0 की बढ़त के साथ सेमीफाइनल में उतरेंगे, जिन्होंने उन्हें 2022 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में हराया था। मध्य प्रदेश के 21 वर्षीय राजावत आठ साल की उम्र में पुलेला गोपीचंद की ग्वालियर अकादमी में शामिल हुए थे। उन्होंने पिछले एक साल में अपने खेल में काफी सुधार किया है। राजावत ने इस सत्र में जिंटिंग, जापान के कोडाई नाराओका और हमवतन लक्ष्य सेन से शीर्ष खिलाड़ियों को तीन गेम तक चले मुकाबले में कड़ी टक्कर दी है।

# आईसीसी ने भारत, वेस्टइंडीज पर जुर्माना लगाया

**दुबई** ■ भारत और वेस्टइंडीज की टीमों पर त्रिनिदाद के तारोबा में पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया। गुरुवार को खेले गये मुकाबले के दौरान भारत पर न्यूनतम ओवर गति से एक ओवर कम होने के कारण मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर न्यूनतम ओवर गति से दो ओवर कम रहने के कारण मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने हार्दिक पंड्या और रोवमैन पॉवेल की टीमों को निर्धारित समय में क्रमशः एक और दो ओवर कम करने के कारण यह सजा सुनायी। आईसीसी की खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आचार संहिता की अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर से संबंधित) के अनुसार खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर हर ओवर के हिसाब से उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इस मामले में खिलाड़ी पर अधिकतम मैच फीस के 50 प्रतिशत का जुर्माना लग सकता है। आईसीसी विज्ञप्ति के अनुसार, पंड्या और पॉवेल ने अपने अपराध और प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर ग्रेगरी ब्रेथवेट और पैट्रिक गुस्टर्ड, तीसरे अंपायर निगेल डुगुइड और चौथे अंपायर लेस्ली रीफर ने आरोप लगाए थे। भारत पहला टी20 मैच चार रन से हार गया।




### पुछल्ले बल्लेबाजों की भरमार चिंता का सबब नहीं: अर्शदीप

**तारोबा, भाषा।** बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने वेस्टइंडीज के हाथों पहले टी20 मैच में भारत की अप्रत्याशित हार के बाद टीम में पुछल्ले बल्लेबाजों की भरमार को लेकर जताई जा रही चिंता को खारिज करते हुए कहा कि हारने के बाद ही ऐसी बातें होती है। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में भारत के विशेषज्ञ बल्लेबाजों की सूची छठे नंबर पर संजू सैमसन के बाद ही खत्म हो गई। भारत को पहले मैच में चार रन से पराजय का सामना करना पड़ा।

टीम के बल्लेबाजी क्रम के बारे में सवालों पर अर्शदीप ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, मैच के बाद इस तरह की बातें होती है। हमने जो एकादश उतारी, हमें यकीन था कि हम मैच जीतेंगे। हम हमेशा अपनी अंतिम एकादश के साथ होते हैं, चाहे इसमें छह गेंदबाज हों या नौ। इससे फर्क नहीं पड़ता। वेस्टइंडीज की पारी के 19वें ओवर में चार वाइड गेंद डालने वाले अर्शदीप ने कहा कि टीम इस हार की समीक्षा करेगी। अर्शदीप ने कहा ,एक बल्लेबाज को आखिर तक टिकना चाहिये था क्योंकि आखिरी दो ओवर में 30 गज के भीतर पांच फील्डर थे। उन्होंने कहा, हम हार की समीक्षा करेंगे। यह देखेंगे कि कहां चूक हुई और उसमें क्या सुधार हो सकता है।

# हमारी ताकत है पेनल्टी कॉर्नर: हार्दिक सिंह

**चेन्नई** ■ भारत के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि पेनल्टी कॉर्नर मेजबान टीम की ताकत है और एशियाई चेम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में वे इसका पूरा इस्तेमाल करेंगे। भारत ने पहले मैच में चीन को 7-2 से हराया और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिये हुए। हार्दिक ने मैच के बाद कहा, पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं। हम उसका पूरा इस्तेमाल करेंगे। हमें खुशी है कि पेनल्टी पर गोल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य पेनल्टी कॉर्नर की दर बेहतर रखना और कम से कम दो या तीन गोल उसके जरिये करना है।

इसके अलावा हर क्वार्टर में मौके बनाने हैं। भारतीय टीम मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम की नयी टर्फ पर पहला टूर्नामेंट खेल रही है और हार्दिक ने इस मैदान के बारे में सकारात्मक राय दी। उन्होंने कहा, टर्फ बहुत अच्छी है। तमिलनाडु सरकार बधाई की पात्र है जिसने इतना अच्छा काम किया। पूरी टीम



यहां खेलकर खुश है। भारत को अब शुक्रवार को जापान से खेलना है।

हार्दिक ने कहा, हमारे लिये कोई टीम कमजोर नहीं है। हर टीम समान है और हम उसी रणनीति के साथ उतरेंगे। जापान की मैन टू मैन मार्किंग अच्छी है और हमें उसका जवाब देना होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा,हमने इस मैच में रोटेशन का बखूबी इस्तेमाल किया। यह नयी पिच है और हमने इस पर अभ्यास किया था। मैच दर मैच यह बेहतर होती जायेगी। मुझे पिच पसंद आई।

## खेल सुर्खिया

# इंग्लैंड के हेल्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**लंदन** ■ इंग्लेंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की। हेल्स ने अगस्त 2011 में मैनचेस्टर में टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 11 टेस्ट, 70 एक दिवसीय और 75 टी20 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर हेल्स की आखिरी प्रभावशाली पारी भी भारत के खिलाफ थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में 47 गेंदों में 86 रन (चार चौके और सात छक्के) की ताबड़तोड़ पारी खेली थी।

हेल्स और जोस बटलर (नाबाद 80) ने एडिलेड में 169 रनों का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 10 विकेट से जीत दिलाई थी। हेल्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।

तीनों प्रारूपों में 156 मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सोभाग्य की बात है। मैंने जीवन भर के लिए कुछ यादें और कुछ दोस्त बनाये है।



मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का सही समय है।

हेल्स ने इंग्लैंड के लिए अपना आखिरी मैच 2022 के टी20 विश्व कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में खेला था। उन्होंने कहा, 'इंग्लेंड की जर्सी में कुछ ऊंचाइयों के साथ नाकामियों को भी अनुभव किया है। इस एक अविश्वसनीय यात्रा के दौरान मुझे बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है कि इंग्लेंड के लिए मेरा आखिरी मैच विश्व कप फाइनल जीतना था। हेल्स 2019 में विश्व कप जीतने वाली इंग्लेंड की टीम का हिस्सा नहीं थे। ड्रग सेवन से जुड़े मामले में उन्हें 21 दिन के लिए प्रतिबंधित किया गया था और तत्कालीन कप्तान इयोन मोर्गन ने इसे 'पूरी तरह से भरोसा तोड़ने वाला करार दिया था।

हेल्स ने हालांकि सफेद गेंद (सीमित ओवरों की क्रिकेट) में इंग्लेंड की टीम को फिर से शीर्ष पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी 92 गेंद की 147 रन की पारी के दम टीम ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट पर 481 रन बनाये थे।

यह एकदिवसीय क्रिकेट का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 70 एकदिवसीय में छह शतक और 14 अर्धशतकों की मदद से 37.79 की औसत के साथ 2419 रन बनाये है। इस आक्रामक बल्लेबाज से 75 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 30.95 कर औसत से 2074 रन बनाये। इस प्रारूप में उन्होंने एक शतक और 12 अर्धशतक लगाया। वह 11 टेस्ट में पांच अर्धशतक की मदद से महज 573 (27.28 की औसत के साथ) रन ही बना सके।

# महिला फुटबॉल विश्व: जर्मनी, ब्राजील सरीखे दिग्गज जमींदोज

**सिडनी** ■ महिला फुटबॉल का महासमर इस बार कई मायने में अनूठा है और इसने खेल के वैश्विक मानचित्र में बदलाव का सूत्रपात कर दिया जब जर्मनी, ब्राजील और कनाडा जैसे दिग्गज विश्व कप से बाहर हो गए। आश्चर्यों से भरे विश्व कप में सबसे बड़ा उलटफेर तब देखा गया जब दुनिया की दूसरे नंबर की टीम और दो बार की विश्व कप विजेता टीम जर्मनी अपने इतिहास में पहली बार ग्रुप चरण में बाहर हो गई।

इसके अलावा कोपा अमेरिका चैंपियन ब्राजील और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कनाडा ने टूर्नामेंट के पहले चरण में बाहर होकर फुटबॉल के प्रशंसकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। टूर्नामेंट में मोरक्को, दक्षिण अफ्रीका और जमैका ने अलग इतिहास रचते हुए नॉकआउट चरण में जगह बनाई है। अमेरिका को वर्ष 2015 और 2019 में विश्व कप विजेता बनने के दौरान कोचिंग देने वाली जिल एलिस ने कहा, अगर मैं साफ तौर पर कहूं तो मैं सच में आश्चर्यचकित हूं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब आप अचानक जर्मनी और ब्राजील जैसी टीमों को



विश्व कप से ग्रुप चरण के दौरान बाहर होते हुए देखते हो, तो मुझे नहीं लगता हम में से किसी ने ऐसा अनुमान लगाया होगा। दुनिया की नंबर एक टीम अमेरिका कभी भी तीसरे स्थान से नीचे नहीं रही। पूर्व चेम्पियन रही अमेरिकी टीम नॉकआउट चरण में तो पहुंच गई है लेकिन बहुत कमजोर दिख रही है। पांचवें स्थान पर काबिज फ्रांस का भी यही हाल है। महिला फुटबॉल में बढ़ती समानता ने विश्व कप के ग्रुप चरण को रोमांचक बना दिया है, जिसमें बृहस्पतिवार का दिन उलटफेर से भरा रहा। मोरक्को ने कोलंबिया को 1-0 से हराया जबकि दक्षिण कोरिया ने जर्मनी के साथ मुकाबले को 1-1 पर ड्रा कर दिया। जर्मनी का इस मुकाबले के साथ विश्व कप का सफर समाप्त हो गया। एसोसिएटेड प्रेस ने कुछ कारकों पर नजर डाली जिससे सामने आया कि कैसे पारंपरिक दिग्गज टीमों और कमजोर टीमों के बीच अंतर कम हो रहा है।

जमेका ने उद्घाटन मुकाबले में फ्रांस को एक भी गोल नहीं करने दिया और मैच गोलरहित ड्रा हो गया। यही तरकीब उसने जर्मनी के खिलाफ भी लगाई।

जमेका के कोच लॉर्न डोनाल्डसन ने कहा,मुझे लगता है कि छोटे देश भी आगे बढ़ रहे हैं और कह रहे हैं कि हम भी यह कर सकते हैं।

फुटबॉल टीमें समझदारी से काम कर रही हैं जिसका उदाहरण यह है कि जमैका ने तीन ग्रुप मैचों के बाद अभी तक अपने खिलाफ एक भी गोल नहीं खाया है। इस पर एलिस ने कहा,'उन टीमों को तोड़ना कठिन है जो जिसके खिलाड़ी संगठित हैं। फिटनेस की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मैदान पर छोटी टीमें अलग ही ऊर्जा के साथ प्रदर्शन कर रही हैं।

# महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनने के लिए पुलिस अधीक्षक ने दिलवाई शपथ

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**

रीवा। महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बालिकाओं महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर विशेषकर पुरुषों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान ÷मैं हूं अभिमन्यु-2÷ संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुरुषो को महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाना, महिला अपराध के प्रति जागरूक करना तथा पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता को ठीक करना है । इसी के तहत शनिवार को सुबह मैराथन दौड़ का आयोजन स्थानीय टीआरएस कालेज से किया गया, कार्यक्रम के दौरान शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र, शिक्षक, एसपी विवेक सिंह, डीएसपी प्रतिभा



शर्मा, निरीक्षक आराधना सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने सभी को दिलवाई शपथ।



## मृणाल ठाकुर मेलबर्न में सम्मानित होंगी


जानीमानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) के 14वें संस्करण में डायवर्सिटी इन सिनेमा अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। मृणाल ठाकुर ने बताया, मैं मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव में मिलने वाले अवॉर्ड्स से सम्मानित और विनम्र महसूस कर रही हूं। एक कलाकार के रूप में, मैंने हमेशा किरदारों को एक्सप्लोर करने की कोशिश की है, और यह अवॉर्ड मुझे सीमाओं को आगे बढ़ाने और ऐसी भूमिकाएं निभाने के लिए प्रेरित करता है जो मुझे चुनौती देती हैं और प्रेरित करती हैं। मैं उन अवसरों के लिए आभारी हूं, जो मुझे मिले और मैं सिनेमा की इस अविश्वसनीय यात्रा में भविष्य के लिए उत्साहित हूं। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न समारोह 11 से 20 अगस्त के बीच में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के आर्ट्स सेंटर के हैमर हॉल में होंगे। इस प्रतिष्ठित फिल्म अवॉर्ड में 20 अलग-अलग भाषाओं में करीब 100 फिल्मों की स्क्रीनिंग भी की जाएगी।



## रवीना टंडन ने 'घुड़चढ़ी' के लिए की डबिंग


एक्ट्रेस रवीना टंडन ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'घुड़चढ़ी' के लिए डबिंग शुरू कर दी है और सेशन की एक झलक साझा की है। रवीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज का सहारा लिया, जहां उन्होंने डबिंग सेशन से अपना एक वीडियो फिर से शेयर किया। वीडियो मूल रूप से निर्देशक बिनॉय गांधी द्वारा पोस्ट किया गया। वीडियो में रवीना एक डबिंग स्टूडियो में ब्लेक कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जब गांधी उनका वीडियो शूट करते हैं तो वह मजाकिया चेहरे बनाती नजर आती हैं। घुड़चढ़ी एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जिसे बिनॉय गांधी ने लिखा और निर्देशित किया है। इसमें संजय दत्त और रवीना टंडन के साथ पार्थ समथान, खुशाली कुमार और अरुणा ईरानी और अचिंत कोर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉलीवुड में एक अभिनेता के रूप में पार्थ समथान की पहली फिल्म होगी। हिंदी सिनेमा में अपनी तीन दशक लंबी यात्रा में, रवीना को 2023 में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार सहित कई सम्मानों से सम्मानित किया गया, उन्हें चौथे सर्वोच्च भारतीय नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

## बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड से सम्मानित हुये मनोज वाजपेयी



बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी को साउथ अफ्रीका के 44वें डरबन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म जोरम के लिये बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 44वें डरबन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मनोज वाजपेयी को फिल्म जोरम के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है। साथ ही फिल्म जोरम को बेस्ट सिनेमेटोग्राफी अवॉर्ड से भी नवाजा गया है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी के लिए पीयूष पुती को ये सम्मान दिया गया है। फिल्म के निर्देशक देवाशीष माखीजा हैं।यह फिल्म डरबन फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई है। मनोज वाजपेयी ने सोशल मीडिया पर फिल्म जोरम की टीम को बधाई दी है। फिल्म जोरम में जीशान अय्यूब ,तनिष्ठा चटर्जी और राजश्री देशपांडे की भी अहम भूमिका है। फिल्म जोरम को जी स्टूडियोज और माखीजा फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है।

## एक साल बाद कृष की शूटिंग शुरू करेंगे राकेश रौशन



बॉलीवुड फिल्मकार राकेश रोशन का कहना है कि वह अपनी आने वाली फिल्म कृष 4 की शूटिंग एक साल बाद शुरू करेंगे। राकेश रोशन ने अपने पुत्र ऋतिक रोशन को लेकर वर्ष 2003 में सुपरहिट फिल्म कोई मिल गया बनायी थी। इसके बाद राकेश रोशन ने ऋतिक को ही लेकर वर्ष 2006 कोई मिल गया का सीक्वल कृष और वर्ष 2013 में कृष 3 बनायी। 'कृष' फ्रेंचाइजी को खूब पसंद किया गया है। अब फैंस इस फिल्म के चौथे पार्ट यानी 'कृष 4' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राकेश रोशन ने 'कृष 4' पर अपडेट दिया है। राकेश रोशन ने कहा, अभी भी दर्शक सिनेमाघरों में फिल्म देखने नहीं जा रहे हैं। इसलिए मैं सोच में पड़ गया हूं। क्योंकि 'कृष 4' एक बहुत बड़ी फिल्म है और दुनिया छोटी हो गई है। आज कल बच्चे हॉलीवुड की सुपरहीरोज की फिल्में देख रहे हैं, जो 500-600 मिलियन डॉलर के बजट पर बनती हैं। वहीं हमारे पास 'कृष 4' बनाने के लिए 200-300 करोड़ रुपये हैं। आजकल जो भी फिल्में आ रही हैं। वह उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं।"मैं ये नहीं कह रहा हूं कि 'कृष 4' नहीं बनेगी। बिल्कुल बनेगी। हम 'कृष 4' पर काम शुरू करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। लेकिन, आज की स्थिति को देखते हुए, जहां फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं, हम तुरंत 'कृष 4' पर काम शुरू नहीं करेंगे। एक साल तक तो नहीं। शायद उसके बाद कर सकते हैं।

## हर फिल्म में अपना 200 प्रतिशत देती हूं: भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है वह अपनी हर फिल्म में अपना 200 प्रतिशत देती है। भूमि पेडनेकर ने कहा, मैं काम करने की शौकीन हूं।इसलिए, मैं जो भी फिल्म करती हूं, उसमें अपना 200 प्रतिशत देती हूं। अभिनय एक ख़ास पेशा है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। जब भी मैं किसी फिल्म के सेट पर कदम रखती हूं, मैं कृतज्ञता से भर जाती हूं कि मेरा काम मुझे किसी तरीके से अविस्मरणीय बना देगा। मुझे इस तथ्य से प्यार है कि मैं एक अभिनेत्री हूं, जो अपने जीवन का हर पल कुछ ऐसा कुछ बनाने की कोशिश में बिताती हूं जो हमेशा रहे।

भूमि पेडनेकर ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अपनी फिल्मों के जरिए महत्वपूर्ण प्रभाव प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हूं, क्योंकि फिल्में हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। मैं हमेशा से एक ऐसी अभिनेत्री बनना चाहती थी, जिसका मेरी फिल्मों और मेरे द्वारा निभाई गई भूमिकाओं के जरिए सांस्कृतिक प्रभाव पड़े। इसलिए, मेरे पास हमेशा ऐसी ही परियोजनाएं होती हैं और मैं ऐसी ही परियोजनाएं चुनुंगी जो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं।' मैं अच्छी तरह से जानती हूं कि मैं अपने काम के जरिए अपने लिए एक विरासत बना रही हूं और मैं स्क्रीन पर जो काम करती हूं उस पर गर्व करना चाहती हूं।

## 'फ्रीडम टू फीड' का हिस्सा बनेंगी बिपाशा, सोहा और दीया

स्तनपान विरोधी सोच से लड़ने के लिए एक्ट्रेस नेहा धूपिया, जो एक मां भी हैं, ने प्रेरक पहल 'फ्रीडम टू फीड' शुरू की है। उनकी इस पहल से एक्ट्रेसेस और मां बिपाशा बसु, सोहा अली खान और दीया मिर्जा भी जुड़ेंगी। नेहा ने कहा, 'दो अद्भुत बच्चों गुरीक और मेहर की मां के रूप में मैंने व्यक्तिगत रूप से स्तनपान की चुनौतियां और खुशियों का अनुभव किया है। यह एक अविश्वसनीय रूप से सशक्त यात्रा है, लेकिन यह जानना भी आवश्यक है कि प्रत्येक मां की यात्रा अद्वितीय है और बिना किसी आलोचना



या शर्म के इसे सेलिब्रेट किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, अपनी पहल 'फ्रीडम टू फीड' के माध्यम से मेरा लक्ष्य मातृत्व के इस महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालना और उन बाधाओं को तोड़ना है जो माताओं को इस नेसर्गिक प्रक्रिया को खुले तौर पर अपनाने से रोकती हैं। यह उद्देश्य अविश्वसनीय रूप से मेरे दिल के करीब है, और मैं शिक्षित करने, मिथकों को दूर करने और सभी माताओं के लिए अधिक सहायक और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। स्तनपान जागरूकता सप्ताह (अगस्त का पहला सप्ताह) और स्तनपान जागरूकता माह (अगस्त) के सम्मान में, नेहा माताओं के लिए शिक्षा, सहायता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 'फ्रीडम टू फीड' के तहत पहल की एक श्रृंखला का नेतृत्व कर रही हैं।

गुरीक और मेहर के लिए एक समर्पित मां के रूप में नेहा धूपिया मातृत्व की चुनौतियों और खुशियों को गहराई से समझती हैं। नेहा सोशल मीडिया प्ले टफॉर्म पर बिपाशा बसु, गोहर खान, मासूम मीनावाला और दीया मिर्जा सहित प्रमुख सेलिब्रिटी माताओं के साथ लाइव सेशन की मेजबानी करेंगी। नेहा को कल्कि कोचलिन, काजल अग्रवाल, सुरवीन चावला, नीति मोहन और अन्य लोगों से समर्थन मिला है। नेहा धूपिया 7 अगस्त को एक व्यक्तिगत बातचीत की मेजबानी की योजना बना रही हैं। इस कार्यक्रम में सोहा अली खान और गीता फोगट जैसी प्रसिद्ध हस्तियां भी शामिल होंगी।



## अभिषेक-सैयामी खेर की फिल्म घूमर का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन और अभिनेत्री सैयामी खेर अभिनीत फिल्म घूमर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आर बाल्की निर्देशित फिल्म 'घूमर' एक अपाहिज खिलाड़ी की विजयी कहानी बताती है, जो अभिषेक बच्चन द्वारा अभिनीत अपने कोच के मार्गदर्शन में एक क्रिकेटर के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती है। फिल्म घूमर में अभिषेक बच्चन कोच की भूमिका में हैं, जबकि लीड रोल में सैयामी खेर हैं। घूमर में अंगद बेदी और शबाना आजमी जैसे कलाकार भी नज़र आने वाले हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक हादसे में अपना हाथ गंवाने वाली लड़की एक दिन देश का नाम रोशन करती हैं और उसकी मदद करते हैं, फिल्म में कोच बने अभिषेक बच्चन। वहीं सौयामी खेर क्रिकेटर के किरदार में नजर आ रही हैं। जिनके ईर्द-गिर्द पूरी कहानी दिखाई जा रही है। ट्रेलर की शुरुआत अभिषेक बच्चन के डायलॉग से होती है जो नशे में धुत नजर आते हैं। वहीं सैयामी खेर जो अंगद बेदी से प्यार करती हैं,लेकिन उनके लिए क्रिकेट अपने प्यार से भी ज्यादा जरूरी है।



## अरमान का अंग्रेजी सिंगल 'स्लीपलेस नाइट्स' रिलीज

सिंगर अरमान मलिक ने अपना नया इंग्लिश सिंगल 'स्लीपलेस नाइट्स' जारी किया है, जो एक अच्छा पॉप सॉन्ग है। अरमान मलिक 'बोल दो ना जरा', 'नैना', 'बेसब्रियां' और कई अन्य गानों के लिए जाने जाते हैं। यह गाना लंदन में कुछ लोकेशन्स पर फिल्माया गया है, लेकिन अपने म्यूजिक वीडियो में एक सम्मोहक कहानी बुनने में कामयाब रहा है, जिसमें अरमान को प्रेमी जोड़े के आधे हिस्से के रूप में दिखाया गया है। वीडियो का स्वर और बनावट पोलेरॉइड चित्रों से मिलता-जुलता है। इस गाने के बारे में बात करते हुए अरमान ने कहा, "जिससे आप प्यार करते हैं उसके साथ कुछ न करना किसी के भी साथ कुछ भी करने से बेहतर है। मेरा नया रिकॉर्ड 'स्लीपलेस नाइट्स' एक पॉप सॉन्ग है, जो किसी के साथ गहराई से प्यार करने की जबरदस्त भावना को चित्रित करता है। यह एक ऐसे रिश्ते में होना है जो आपको सारी उलझनें देता है और चाहे वह दिन कितना भी नीरस क्यों न हो, आपके साथी का आपके साथ होना इसे दुनिया का सबसे मजेदार दिन बना देता है।

# फूड सेफ्टी एक्ट के तहत सेम्पल भरे जाने की कार्यवाही से व्यापारियों को अवगत कराने वर्कशॉप का आयोजन करेगा एमपीसीसीआई

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की नवीन टीम द्वारा व्यापार जगत की समस्याओं का संकलन करने के उद्देश्य से समूहवार बैठकों का आयोजन ÷चेम्बर संवाद÷ के रूप में प्रारंभ किया जा रहा है। आज समूह क्रमांक-8 शक्कर व्यवसाय एवं समूह क्रमांक-9 तेल, तिलहन एवं बेजीटेबल व्यवसाय की बैठक 'चेम्बर भवनक्क में सायं 4 बजे से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि व्यापार व उद्योग की समस्याओं का संकलन नवीन टीम द्वारा किया जा रहा है। व्यापार की समस्याओं के संकलन के उद्देश्य से समूहवार बैठकों के लिए चेम्बर संवाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। आपने कहा कि आप अपने व्यापार में जिन चुनौतियों/समस्याओं से संघर्ष कर रहे हैं, उनसे चेम्बर को भी अवगत करायें तो चेम्बर उस पर प्राथमिकता से कार्य करेगा। समस्या भेजने के लिए व्यापारी का चेम्बर सदस्य होना अनिवार्य नहीं है।

बैठक का संचालन कर रहे मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि नवीन टीम द्वारा दो नवाचार पड़ाव चेम्बर औद्योगिक समस्याओं के लिए तथा व्यापारिक समस्याओं के लिए चेम्बर संवाद प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य आपसे प्राप्त समस्याओं/सुझावों पर तेजी से कार्य करना है। आपसे प्राप्त समस्याओं को लाँग टर्म और शार्ट टर्म समस्याओं के रूप में विभक्त कर, कार्यवाही की जायेगी। पूर्व कोषाध्यक्ष-गोकुल बंसल ने कहा कि दाल बाजार के अंतर्गत चेम्बर के समूह क्रमांक-5, 6, 7, 8 एवं 9 के अधिकांश सदस्य आते हैं। आपने सभी के साथ बैठक की है, अब व्यापार समिति को पहले सभी समस्याओं पर दाल बाजार में बैठक बुलाना चाहिए फिर तय किये गये सभी बिन्दुओं पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक करना चाहिए। कार्यकारिणी समिति सदस्य-जितेन्द्र बंसल ने कहा कि दाल बाजार में तथा हॉस्पीटल रोड पर पल्लेदार व अन्य वाहन चालक बैठकर जुआ खेलते हैं। यह बंद होना चाहिए। कार्यकारिणी समिति सदस्य-राजेन्द्र सिंघल ने बताया कि दाल बाजार में जुआ, शराब व यातायात जाम की बहुत बड़ी समस्या है। पुलिस गस्त नहीं करती है, इससे यह सब हो रहा है। यदि पुलिस अपना काम ईमानदारी से करे तो इन समस्याओं का निराकरण हो सकता है। कार्यकारिणी समिति सदस्य-श्री जगदीश खेमानी ने इसका समर्थन किया। कार्यकारिणी समिति सदस्य-महेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि नवीन दाल बाजार के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। यह प्रयास कई समय से चल रहा है। इस पर अब प्रयास तेज किए जाने चाहिए। कार्यकारिणी समिति सदस्य-लोकेश अग्रवाल द्वारा दाल बाजार में जाम लगने का मुख्य कारण ठेले व गाड़ी वालों के हमेशा खड़े रहने को बताया। कार्यकारिणी समिति सदस्य-कृष्ण बिहारी अग्रवाल ने चेम्बर संवाद को सराहनीय पहल बताया तथा व्यापारियों से अपनी समस्याएं चेम्बर को तत्परता से बताने की बात कही। वरिष्ठ सदस्य-गोविंद राय सिंह ने सुझाव दिया कि फूड सेम्पल भरने की कार्यवाही से व्यापारी अवगत नहीं है, इसलिए सेम्पलिंग की कार्यवाही से परेशान होते हैं, उन्हें इसकी प्रक्रिया से अवगत होना चाहिए। फूड सेम्पलिंग की कार्यवाही पर फार्म 6 संबंधित अधिकारी द्वारा व्यापारी के नाम से भरकर सेम्पल भरने वाले अधिकारी/कर्मचारी को देना अनिवार्य है। यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी फार्म 6 को खाली लेकर आता है, तो वह सिर्फ आपको परेशान करने आया है।

# फिर हुई चेन स्नेचिंग, महिला को बनाया निशाना

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** में बाइकर्स गिरोह की वारदातों पर लगाम नहीं लग रहा है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। बाइकर्स गिरोह ने फिर एक वारदात को अंजाम दिया है। महिला के गले से चेन छीन कर फरार हो गए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अब तक आरोपी हाथ नहीं लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार घटना समान थाना अंतर्गत नेहरू नगर की बताई जा रही है। इस मर्तबा वारदात की शिकार कांग्रेस नेता स्वर्गीय ध्रुव सिंह बरहदी की पत्नी हुई हैं। घटना करीब रात 8 बजे की बताई जा रही है। महिला शुक्रवार की रात को घर के बाहर टहल रही थीं। तभी पीछे से तीन युवक बाइक में सवार होकर आए और गले में झपट्टा मार कर सोने की चेन लेकर फरार हो गए। यह घटना सेमरिया विधायक केपी त्रिपाठी के घर के पास ही हुई है। घटना के बाद समान थाना पहुंच कर बेटी और पीड़ित महिला ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग खंगाली है। सीसीटीवी में तीन युवक बाइक में सवार होकर भागते नजर आ रहे हैं। हालांकि गाड़ी का नंबर स्पष्ट नहीं आ रहा है। पुलिस के हाथ अभी खाली हैं। लगातार हो रही वारदात से महिलाएं सुरक्षित नहीं है। सड़कों पर खुलकर चल भी नहीं सकती है। पुलिस की सुरक्षा में बदमाश सेंध लगा रहे हैं। सोने की चेन की कीमत करीब 70 हजार रुपए आंकी जा रही है।



# वन परीक्षेत्र मझगमा वन मंडल अधिकारी सतना ने करवाया मजगामा में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ**

**सतना।** वन मंडल अधिकारी सतना अंतर्गत क्षेत्र मजगामा में वन विभाग के कर्मचारी एवं उनके परिवार के लिए नेत्र ज्योति का निशुल्क परीक्षण का आयोजन वन परीक्षेत्र मजगामा में किया गया सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के द्वारा आज के नेत्र परीक्षण शिविर में 131 लोगों ने अपनी नेत्र की जांच कराई गई। जिसमे से 22 लोगों को मोतायाबिंद होना पाया गया। जिनको चित्रकूट सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में ऑपरेशन के लिए भेजा गया। मजगामा रेंज के कर्मचारी सहित वन कर्मी एवं आसपास के लोग भी लाभ लिया वन परीक्षेत्र मजगामा के द्वारा यह आयोजन किया गया जिसमें मजगामा रेंजर पंकज कुमार दुबे सहित सभी वन कर्मी उपस्थित रहे।

# श्रावण मास में भगवान का ध्यान सुमिरन करना ही भक्ति मार्ग है: धाराजी

**पुष्पांजलि टुडे खरगोन से मुन्ना खान की खबर**

**बरुड़।** निकट बेजापुरा में श्रावण महोत्सव के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सत्संग समारोह को आयोजन किया गया जिसमे मानव धर्म खरगोन से आए परम पूज्य संत महात्मा धारा बाइजी ने बताया कि श्रावण मास में संसार के लोग कावड़ ले जाकर भोले शंकर पर जल चढ़ाते हैं और उसी को वो भक्ति समझते है लेकिन भगवान शंकर पार्वती जी को कहते हैं उमा कहूं अनुभव अपना, सत हरि भजन बिन जगत सब सपना। बिना हरि भजन के यह संसार सपने के समान है और हरि भजन को जानने के लिए सद्गुरू महाराज की शरण में जाकर धर्म का मार्मिक रहस्य समझना चाहिए, और भोले शंकर एकांत में पहाड़ों पर जाकर आंख बंद करके क्या कर रहे हैं वो कौन सी विधि है यह सब सद्गुरू महाराज हमे ज्ञान देकर उस परमस्ता का अनुभव करवाते हैं। कार्यक्रम में अन्य ग्रामों से भी भक्त समाज एकत्रित हुए थे मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले, कृष्णलाल सेन, संजू बामनिया, कमल निहाले, हीरालाल मेहता, नीरज मेहता,आदि श्रद्धालुओ ने आध्यात्मिक वचनों का अमृत पान किया।



# खंधों कुंड में डूबे युवक का 32 घंटे बाद शव बरामद, दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे रीवा**

**रीवा।** जिले के गोविंदगढ़ थाना अंतर्गत खंधों कुंड में डूबे युवक की लाश बरामद कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि 32 घंटे बाद स्ठक्रस्न को सफलता मिली है। युवक अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था। कुंड के पास पहाड़ का पानी तेजी से उतरा। तभी युवक छलांग लगाकर नहाने लगा। इसी बीच तेज धार बहा ले गई। दोस्तों की सूचना पर पुलिस पहुंची। तब गुरुवार की दोपहर से रेक्स्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। फिर भी सफलता नहीं मिली। शुक्रवार को दिनभर जवान व होमगार्ड के गोताखोर खोजते रहे। अंततः शाम 6 बजे कांटे में लाश फंसी है। बाहर निकालकर परिजनों की मौजूदगी में पीएम पंचनामा कराया गया है। गोविंदगढ़ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि आदर्श गुप्ता पुत्र बृजनंदन गुप्ता 20 वर्ष निवासी पाण्डेय टोला थाना सिटी कोतवाली गुरुवार की सुबह 10 बजे तीन अन्य दोस्तों के साथ खंधों कुंड पिकनिक मनाने पहुंचा। वहां सभी दोस्त आपस में मस्ती कर नहा रहे थे। इसी बीच आदर्श गुप्ता ने कुंड में छलांग लगा दी। देखते ही देखते डूब गया। इस घटना को मंदिर के पुजारियों सहित कई लोगों ने देखा है।



**शनिवार को हुआ पीएम**

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को देर शाम हो जाने के कारण पीएम की कार्रवाई नहीं हो पाई थी। ऐसे में गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मर्चुरी में शव को रखवा दिया गया था। शनिवार को चिकित्सकों ने पोस्ट मार्टम किया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। अब दोस्तों से बयान लेकर आगे की कार्रवाई हो रही है।

# सी.बी.एस.सी. स्कूल फर्स्ट स्टेप के संचालक द्वारा किताबों में अंकित मूल को काटकर अधिक मूल लिखकर अभिभावकों को देने कै विरोध में दिया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**गोहद।** ऐचाया रोड व पुराने बस स्टेण्ड पर स्थापित फर्स्ट स्टेप स्कूल संचालित है इसमे छात्रों को अध्ययन के लिये स्वयं स्कूल द्वारा किताबे दी जाती है इन कितावों पर जो प्रकाशन की मूल अंकित है उसके उपर अपनी मूल्य की पर्ची चिपकाकर छात्रो से अधिक मूल्य लिया जाकर स्कूल द्वारा वितरण की जाती है जिसकी जानकारी मिलने पर पालको द्वारा शिकायत कर मौके पर कुछ लोग पहुंचे जिसपर स्कूल संचालक महोदय ने कहा कि हम यही कितावे वांटते है स्कूल संचालक के द्वारा कितावों को निर्धारित मूल्य से बढकर अधिक मूल्य में चढाकर बेची जा रही है जो पालकों व बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार और धोखा देकर अधिक मूल्य लिये जा रहे जिसकी जांच कराते हुए कार्यवाही हेतु .पालक उमेश तोमर ने एसडीएम के नाम एसडीएम के बाबू को ज्ञापन दिया है इस तरह का कई स्कूलों में किया जा रहा है जहां ड्रेस, किताब,जूता आदि स्कूल द्वारा निर्धारित दुकान से ही खरीदने का दबाव रहता है।

# भाजपा चुनावी मोड में, बैठकों से पुराने कार्यकर्ताओं को मनाने की कवायद

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी अब पूर्ण रूप से चुनावी मोड में आ गई है। इसी के तहत आज भाजपा के प्रभारी भूपेन्द्र यादव केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर , ज्योतिरादित्य सिंधिया , पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया आज एक बैठक में शामिल हुये और सिरजोडकर बैठे, चुनाव कैसे जीता जाये इस पर मंथन भी किया। इसमें चुनिंदा एक सौ कार्यकर्ताओं को ही शामिल किया गया है। ज्ञातव्य है कि भाजपा को 2023 विधानसभा चुनावों में अपनी हार का डर सता रहा है। इसका सबसे बडा कारण भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं की नाराजगी बताया जा रहा है। विशेषकर भाजपा के कई पुराने नेता एक जगह बैठकर मंथन करने में जुटे हैं वह आपस में कई पुराने नेताओं को जोडकर भाजपा की शिवराज सिंह सरकार के विरोध में बंद कमरे में बातें करते हैं। लेकिन उनकी बातें अब धीरे धीरे सार्वजनिक होने लगी हैं। इसी बात से अब भाजपा आलाकमान को चिंता होने लगी है। वैसे बता दें कि इन पुराने नेताओं की सबसे बडी नाराजगी यह है कि पिछले दस वर्ष से कई पुराने नेताओं को कहीं पर पूछा ही नहीं गया। वैसे यह सब वही नेता है जिन्हें भाजपा की सरकार के रहते निगम मंडल में पदाधिकारी बनाया गया था। अब यही नेताओं का एक मंच बन गया है और यह सब मिलकर ही अब भाजपा के लिये कांटा बनते जा रहे हैं। वैसे इन नेताओं की अपने क्षेत्र और समाज में कुछ प्रभाव जरूर है वहीं इनमें से एक दो नेताओं ने भाजपा के विधायक तक को पिछले विधानसभा चुनावों में हरवा तक दिया। वहीं इन नेताओं ने सरकार के संसाधन का भरपूर उपयोग भी किया और अब सरकार से और पार्टी से नाराजगी बनाकर दूर बैठे हैं। इन सबको साधने की अब पार्टी की मंशा के बाद ही विधानसभा चुनावों से पहले अब बैठकें शुरू हो गई है जिसमें पुराने कार्यकर्ताओं को मनाया जायेगा और उनसे पार्टी का काम लिया जायेगा जिससे पार्टी की विचार धारा पूर्व की भांति बनी रहे।

## पूर्व से भाजपा ऐन वक्त पर यशोधरा को उतार सकती है, माया पर भी विचार



**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार के खिलाफ चुनावी मैदान के लिये प्रत्याशी ढूंढ रही भाजपा के सामने संगठन से प्रदेश की खेल मंत्री यशोधरा राजे व पूर्व मंत्री माया सिंह का नाम भी आया है। यहां भी भाजपा अब दमदार प्रत्याशी उतारने के लिये समीकरण बना रही हैं। हालांकि अभी तक कांग्रेस के दिग्गज विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार के सामने कोई भी भाजपा नेता आने से बच रहा हैं। पूर्व पराजित प्रत्याशी मुन्नालाल गोयल को पार्टी ने निगम अध्यक्ष बना रखा हैं इसीलिये उनका चुनाव लड़ना भी अधर में हैं। इसी कारण भाजपा आलाकमान पूर्व को खाली नहीं छोड़ना चाहता, वह अब यहां भाजपा की ओर से महल कोटे से उम्मीदवार उतारेगा, ताकि कांग्रेस विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार का मुकाबला किया जा सकें। यहां भाजपा अब महल कोटे से खेल मंत्री यशोधरा राजे को शिवपुरी से ग्वालियर लाकर लड़ा सकती है, वहीं यदि यशोधरा राजे पूर्व के लिये तैयार नहीं होंगी तो पूर्व मंत्री व पहले यहां से विधायक रही मामी माया सिंह को चुनावी मैदान में भाजपा उतार सकती हैं।

# चलती चक्की देख कर दिया कबीरा रोये, दो पाटन के बिच में साबुत बचा ना कोएः संत शीतल राजाराम

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू।** सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट के तत्वाधान में आयोजित चातुर्मास कार्यक्रम में विराजित संत शीतल राजारामजी ने प्रवचन में कहा कि चलती चाकी देखकर ,लोगो की जिंदगी चलती देखकर, कबीर साहब को रोना आता है। क्यों की इस चलने वाली जिंदगी में सब को एक दिन छो?कर जाना है। जिंदगी और मौत ये दो पाटो, चक्की के दो पत्थर, के बीच में सभी को पिस- पिस कर एक दिन खत्म होना है। कुछ लोग इस सच्चाई को जानते हुये भी अनजान बनते है। इस कार्यक्रम में सह-सचिव केनाराम मुलेवा, बोहराराम पवांर, गेनाराम सेंणचा, जगाराम परिहारिया, नारायण लाल सोंलकी, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, सचिव मदनलाल राठौड़, कोषाध्यक्ष भगाराम पवांर, मिडिया प्रभारी किशोर राठौड़ समेत समाज की बड़ी संख्या में बालक बालिकाएं महिलाएं एंव समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

# एएसपी, डीएसपी, सीएसपी के तबादले होने पर मीडिया बंधुओं ने दी विदाई

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । मध्यप्रदेश शासन द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बड़े पैमाने पर प्रशासनिक एवं पुलिस प्रशासन के तबादले किये जा रहे हैं।जिला भिण्ड में भी बड़े स्तर पर पुलिस अधिकारियों के तबादले किये गए हैं,जिनमें कुछ अधिकारियों ने अपने कार्यशैली से आमजनता के बीच एक अच्छी छवि बनाई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने अपने ढाई बर्ष के कार्यकाल के दौरान कई गम्भीर प्रकरणों को बहुत ही अच्छे से निराकरण किया । श्री खरपुसे का पुलिस विभाग, आमजनता एवं मीडिया के साथ अच्छा तालमेल रहा,जिस कारण एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे की निर्विवाद अधिकारी के रूप में पहचान बनी। सीएसपी सुश्री निशा रेड्डी ने भी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आमजन के बीच अच्छी छवि बनाई। डीएसपी हेडक्वार्टर अरविंद शाह ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशनो को अच्छे से पालन करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रकरणों का निराकरण किया। मीडिया के लोगों ने ऐसे होनहार,निष्पझता के साथ कार्य करने वाले निर्विवादित अधिकारियों के सम्मान में सर्किट हाउस पर विदाई समारोह रखकर इन तीनों ही अधिकारियों को विदाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

# विश्व स्तनपान सप्ताह-गर्भवती धात्री को खाना अच्छा! माँ का पहला गाढा दूध है सच्चा

**एड. रहीश भैया**

हर साल 1 अगस्त से लेकर 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है स्तनपान के प्रति जागरूक करने के लिए यह सप्ताह मनाया जाता है ! इसी के तहत ग्राम माता वाली पहाड़ी और नयागांव क्रेशर में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन, महिला बाल विकास विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त सहयोग से आंगनवाडी मे स्तनपान सप्ताह को मनाया गया जिसमे गर्भवती एवं धात्री महिला को विश्व स्तनपान सप्ताह के बारे मे अवगत कराया एवं स्तनपान के महत्व के बारे मे विस्तार से समझाया और स्तनपान के विषय मे वीडियो भी दिखाया गया साथ बच्चे के लिए जन्म के तुरंत बाद माँ का पीला गाढा दूध बहुत आवश्यक है यह पहले टीके का काम करता है और बीमारियों से बचाता है 6 माह तक अपने बच्चे को केवल और केवल मां का ही दूध पिलाये और अपने बच्चे को बलवान बनाये गर्भवती महिलाओं को रक्षा सूत्र बनाकर बांधा गया जिसमें स्तनपान से संबंधित संदेश लिखा गया था ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन ने जागरूकता रैली निकाली जिसमे गर्भवती, धात्री महिलाओं को स्तनपान के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर फ्लिपबुक की मदद से एवं पोस्टर दिखाकर महिलाओं को स्तनपान कराने के प्रति जागरूक किया गया एवं कुपोषण के प्रति जागरूक किया गया कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा लोगों को प्राकृतिक पोषण वाटिका के विषय में जानकारी दी गई एवं कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग नही करना है समझाया एवं प्राकृतिक कीटनाशक दवाई जैसे गोमूत्र ,नीम की पत्ती, गाय का गोबर आदि का जीवामृत छिड़काव करने के विषय में समझाया गया जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि विशेषज्ञ डॉ.शारस चंद्र श्रीवास्तव एवं शक्ति प्रताप उपस्थित रहे। महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक लक्ष्मी तोमर और नयागांव सरपंच रामकली आदिवासी ,ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन से अनिल मिश्रा, योगेश कुशवाह, पूजा चौरसिया, विकास सोनी मीडिया प्रभारी रहीश खान ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सुपोषण सखी आदि शामिल रहे।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478